रोहतक
शनिवार, 29 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 57
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 37.9
न्यून. 13.8

**बाजार का हाल**


| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,414.92 | 191.51 ▼ |
| निफ्टी | 23,519.25 | 72.60 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 92,150 /- | 1100/- ▲ |
| चांदी | 1,03,000/- | 1300/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 85.49 | 25 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 74.15/ बैरल | 0.09% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




**अंदर के पन्नों पर**


- फिर खराब हुई आबोहवा, दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-1 लागू पेज-3
- विवादित टिप्पणी मामले में कामरा को जमानत पेज-9


### बजट सत्र के अंतिम दिन 6 विधेयक पारित
### राज्य गीत को सर्वसम्मति से दी मंजूरी
### दो मंत्री गायक मासूम के समर्थन में उतरे
### विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## प्रदेश को मिला राज्य गीत, सदन में गूंजा जय जय जय हरियाणा, विधायक ले सकेंगे 1 करोड़ तक सस्ता लोन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा को आधिकारिक रूप से शुक्रवार को अपना राज्य गीत मिल गया। हरियाणा राज्य गीत चयन समिति के चेयरपर्सन लक्ष्मण सिंह यादव ने सदन में समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति जताते हुए ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। इस मौके पर सदन में 'जय-जय-जय हरियाणा' गीत को सुनाया भी गया। इस दौरान सम्मान में सभी विधायक खड़े हो गए, राज्य गीत की सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जमकर सराहना की। दूसरी तरफ, प्रदेश के विधायक अब सरकार से घर बनाने के लिए 1 करोड़ रुपये तक का सस्ता लोन ले सकेंगे। पहले 80 लाख का लोन मिलता था। कार खरीदने के लिए भी अब 20 लाख की जगह 20 लाख 40 हजार का लोन मिलेगा। इसके बदले में विधायकों को यह रकम सिर्फ 4% ब्याज के साथ लौटानी होगी। (पेज 2 भी देखें)

**ये बिल पास**

- हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025
- हरियाणा (बंदी आदान-प्रदान) निरसन विधेयक, 2025
- हरियाणा बागवानी पौधशाला विधेयक,2025
- अपर्णा संस्था (प्रबंधन तथा नियंत्रण ग्रहण) विधेयक, 2025
- हरियाणा विधान सभा (सदस्यों को चिकित्सा सुविधाएं) संशोधन विधेयक,2025
- हरियाणा विधान सभा (सदस्यों को सुविधाएं) संशोधन विधेयक,2025



### विधानसभा सदस्य संशोधन बिल पेश

विधायकों को सस्ता लोन देने के संबंध में बजट सत्र के आखिरी दिन, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने हरियाणा विधानसभा सदस्य सुविधा संशोधन विधेयक पेश किया। जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। फाइनेंस कंपनियों या बैंकों से हाउसिंग लोन लेने पर 8 से 10% और कार लोन 9% ब्याज चुकाना होता है। इसके साथ ही 7 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

### सॉन्ग बैन का भी मुद्दा उठा

विधानसभा में गन कल्चर की बात कहकर सिंगर मासूम शर्मा के सॉन्ग बैन का भी मुद्दा उठा। बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने कहा-मासूम शर्मा, अंकित बालियान और नरेंद्र भगाना के गाने बैन कर ज्यादती की गई है। सरकार के 2 मंत्रियों अरविंद शर्मा और कृष्ण बेदी ने भी सिंगरों का समर्थन किया। मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि इन सिंगरों ने हरियाणा की शान में काफी काम किया है। मेरी मुख्यमंत्री से इस मामले में बात हुई है। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा- मैं अरविंद शर्मा के तर्क से सहमत हूं।

### 8वें वेतन आयोग से पहले सौगात
## केंद्रीय कर्मियों का भत्ता 2% बढ़ा 1.15 लाख लोगों को होगा लाभ

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को महंगाई भत्ते में 2% की वृद्धि को मंजूरी दे दी। यह निर्णय 1 जनवरी से लागू होगा। इससे करीब 1.15 करोड़ केंद्र के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत (डीआर) की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी है। 2% वृद्धि के साथ महंगाई भत्ता मूल वेतन/पेंशन के मौजूदा 53 प्रतिशत से 55% हो गया है। (पेज 12 भी देखें)

**जुलाई 2024 में 3% बढ़ोतरी की गई थी**

## एक मई से एटीएम से पैसे निकालना होगा महंगा

**मुंबई (भाषा)।** ग्राहकों को एटीएम से निशुल्क निकासी सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर 1 मई से प्रति लेन-देन 23 रुपये देने होंगे। आरबीआई ने बैंकों को एक मई से एटीएम से पैसा निकालने पर शुल्क दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेनदेन करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। यह शुल्क माह में निशुल्क निकासी संख्या समाप्त होने के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा। ग्राहक अपने बैंक की एटीएम से हर माह 5 निःशुल्क लेनदेन के लिए पात्र हैं। वे अन्य बैंकों के एटीएम से भी मुफ्त लेनदेन (वित्तीय व गैर-वित्तीय लेनदेन सहित) के लिए पात्र हैं।

**अतिरिक्त निकासी पर देने होंगे 23 रुपये**

## 7.7 तीव्रता के झटके, मंदिर, ब्रिज व इमारतें जमींदोज

# म्यांमार-थाईलैंड में भूकंप 160 की मौत, 800 घायल

### भारत समेत 5 देशों में भूकंप के झटके
### बैंकॉक में इमारत गिरने से 6 की मौत, 110 दबे

भाषा ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड और म्यांमार में शुक्रवार दोपहर 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके कारण दोनों देशों में भारी तबाही मची है। दोनों देशों में 160 लोगों की मौत हुई है। म्यांमार में 150 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 110 लोग मलबे में दबे हैं, जबकि 10 लोगों की मौत हुई है। जबकि 100 से अधिक घायल हैं। राहत एंव बचाव दल बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। भूकंप के झटके भारत, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए।सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। म्यांमार में भी आपतकाल घोषित किया गया है।

**म्यांमार में 144 मौतें, 732 घायल हर तरफ चीख पुकार**
**• दोनों देशों में आपातकाल घोषित किया गया**
**• बढ़ सकती है मृतक संख्या, सैकड़ों लोग मलबे में दबे**



### थाईलैंड में ये हाल

- बैंकॉक में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से धूल का विशाल गुबार उठता दिखा। 400 लोग काम कर रहे थे 6 की मौत 90 लापता
- रक्षा मंत्री फुमथाम वेचायाचाई ने बताया कि घटनास्थल पर कुल 6 लोगों की मौत हो गई।
- बचावकर्मियों का कहना है कि मलबे में सैकड़ों लोग दबे हुए हैं। मृतक संख्या बढ़ सकती है।
- अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर आया, जिसका केंद्र पड़ोसी देश म्यांमा में था।

**म्यांमा में ऐतिहासिक एवा ब्रिज और कई मंदिर भी टूटे, हर तरफ मची अफरा-तफरी**

### पहले भूकंप के 12 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक

म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा है। इसमें 10,000 से 1 लाख तक मौतें तक हो सकती हैं, वहीं, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए।

### मोदी बोले-संकट की घड़ी में हम दोनों देशों के साथ



म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से पैदा हुई स्थिति को लेकर चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत दोनों देशों को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। हम उनकी सरकारों के संपर्क में हैं।

### किसान नेता पंधेर-कोहाड़ रिहा
## डल्लेवाल ने पानी पीकर खत्म किया अनशन



**नई दिल्ली (भाषा)।** पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने शुक्रवार को सुबह पानी पीकर अनशन समाप्त कर दिया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चार माह से जारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त कर देने वाले 70-वर्षीय जगजीत डल्लेवाल बिना किसी राजनीतिक एजेंडा वाला सच्चा नेता बताया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने पीठ से कहा कि खनौरी एवं शंभू बॉर्डर समेत सभी अवरुद्ध सड़कों एवं राजमार्गों को खोल दिया है। इससे पहले हिरासत में लिए गए किसान नेताओं सरवन सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़ और काका सिंह कोटड़ा को रिहा कर गया। इन्हें मुक्तसर और पटियाला कारागार में रखा था।

### जज के घर कैश कांड
## जस्टिस वर्मा इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर



**नई दिल्ली (भाषा)।** कैश मामले में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आदेश जारी किया है। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश दिया गया है कि जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा मामले में सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ मिली तो एफआईआर होगी या मामला संसद को भेजा जाएगा। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले से 14 मार्च को नकदी मिली थी।

### वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की
## सभी लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरें नहीं बदली

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने का शुक्रवार को फैसला किया। यह लगातार पांचवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेंगी।

**किस योजना पर कितना ब्याज**

| योजना | ब्याज दर |
|---|---|
| सुकन्या समृद्धि | 8.2% |
| 3 वर्षीय सावधि जमा | 7.1% |
| पीपीएफ | 7.1% |
| डाकघर बचत जमा | 4% |
| किसान विकास पत्र | 7.5% |
| बचत प्रमाणपत्र | 7.7% |

**उपलब्धि** 72 सीटर एटीआर-72600 विमान का ट्रायल सफल

*5 जगहों के लिए चलने वाली फ्लाइट का शेड्यूल तय होगा*

## हिसार एयरपोर्ट पर उतरा एलायंस एयर का विमान, रनवे पर दिया वाटर सैल्यूट

### 14 अप्रैल को पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एलायंस एयर के यात्री विमान का ट्रायल सफल रहा। दोपहर करीब 1 बजे दिल्ली से हिसार एयरपोर्ट पर विमान उतरा। करीब 72 सीटर एटीआर विमान एयर स्पेस में चक्कर लगाने के बाद एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। रव-ने पर ही अग्निशमन गाड़ियों ने वाटर सैल्यूट के जरिए विमान का स्वागत किया। इसके बाद विमानन कंपनी एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के पायलट ने हिसार एयरपोर्ट से उड़ान भरी और आसमान में चारों ओर चक्कर लगाए। करीब 2 घंटे एयरपोर्ट पर बिताने के बाद विमान वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गया।

### 13 को आएंगे पांच विमान

एयरलाइंस कंपनी 13 अप्रैल को 5 विमानों के साथ एयरपोर्ट पर आएगी। 31 मार्च के बाद हिसार से 5 जगहों के लिए चलने वाली फ्लाइट का शेड्यूल तय किया जाएगा। इसके बाद ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी जाएगी। वही हिसार एयरपोर्ट पर अलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के लिए 2 कमरों का ऑफिस तैयार किया जा रहा है। विमान कंपनी के स्टेशन मैनेजर यहां बैठेंगे।



### लड़ाकू विमान भी भर चुके उड़ान

हिसार एयरपोर्ट की हवाई पट्टी का पिछले माह 4 से 7 फरवरी तक एयरफोर्स की टीम ने उपयोग किया था। जिसमें वायुसेना के लड़ाकू जहाज यहां पर उतारे गए। वायुसेना के इन जहाजों ने तीन दिन तक यहां अभ्यास प्रशिक्षण किया। सिरसा से आई वायुसेना की टीमों ने यह अभ्यास किया था।

### लैंडिंग बेहद सुगम रही : कैप्टन मोदी

एटीआर विमान के कैप्टन कृष्ण मोदी और मोहित शुक्ला ने बताया कि लैंडिंग बेहद सुगम रही व इसमें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आई।






**आईपीएल में आज**



गुजरात टाइटंस V/S मुंबई इंडियंस
-: समय :- 7.30 PM
-: स्थान :- अहमदाबाद

### कठुआ में एक और जवान शहीद

**कठुआ(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ में चल रहे एनकाउंटर में शुक्रवार को एक और जवान शहीद हो गया। अब तक 5 आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षाबलों के 4 जवान शहीद हुए हैं व 3 घायल हैं। बीते दिन तारिक अहमद, जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह गोलीबारी में घायल हुए थे। इलाज के दौरान इनकी मौत हुई थी। ये एसओजी के जवान थे। चौथे जवान का शव शुक्रवार सुबह सर्च ऑपरेशन शुरू होने पर ड्रोन में नजर आया था। हालांकि अभी तक इनकी पहचान की जानकारी सामने नहीं आई है।




### बजट सत्र में 16 विधेयक पारित, दो लाख करोड़ से ज्यादा पास किए

# बजट की एक-एक पाई हरियाणा की जनता पर खर्च की जाएगी : सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट सत्र के दौरान रचनात्मक सुझावों के लिए सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा के इतिहास का शायद यह सबसे लंबा बजट सत्र रहा है। 12 दिन चले इस बजट सत्र में कुल 13 बैठक आयोजित हुई है और सदस्यों द्वारा 60 घंटे रचनात्मक चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री आज बजट सत्र के समापन उपरांत विधानसभा परिसर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, हरियाणा प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए पेश किए गए 16 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा कर उन्हें पारित किया गया। उन्होंने कहा कि 205017 करोड़ रुपए की राशि के बजट की एक-एक पाई हरियाणा प्रदेश की जनता की भलाई के लिए खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने अपना पहला बजट प्रस्तुत किया था। इन बजट प्रस्तावों पर सदन में 8 घंटे 26 मिनट सदस्यों द्वारा विचार मंथन किया गया, जिसमें विपक्ष की ओर से 23 सदस्यों द्वारा 4 घंटे 36 मिनट अपने विचार रखे गए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष की ओर से 21 विधायक 3 घंटे 35 मिनट बोले।

## सदन में सुनाया हरियाणा का राज्य गीत



### पानीपत के डॉ. बाल किशन शर्मा ने लिखा है गीत

हरियाणा को आधिकारिक रूप से अपना राज्य गीत मिल गया है। समिति ने जिस गीत की अनुशंसा की है उसे डॉ. बाल किशन शर्मा ने लिखा है। डॉ. श्याम शर्मा ने गाया है, श्री पारस चोपड़ा ने संगीतबद्ध किया तथा सुश्री मालविका पंडित ने इसका निर्देशन किया है। विषय विशेषज्ञ के तौर पर लोक कलाकार पद्मश्री महावीर सिंह गुड्डू समिति की बैठकों में शामिल रहे। हरियाणा राज्य गीत चयन समिति के चेयरपर्सन लक्ष्मण सिंह यादव ने शुक्रवार को सदन में समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति जताते हुए ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। इस मौके पर सदन में 'जय-जय-जय हरियाणा' गीत को सुनाया भी गया, जिसकी सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष ने भी जमकर सराहना की। गीत स्वीकृत होने के मौके पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सभी प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए इसके गायन के मापदंड तय करने के लिए विधानसभा की कमेटी बनाने की भी घोषणा की। गीत में हरियाणा के इतिहास को संजोये वैदिक काल की भाषा संस्कृत, हिन्दी और वर्तमान बोली हरियाणवी के शब्दों का संतुलित, तर्कसंगत व समन्वयपूर्ण प्रयोग किया है। संस्कृत भाषा में यहां के आतिथ्य और सेवा भाव जैसी विशेषताओं को लिपिबद्ध किया गया है।समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय समिति के चेयरपर्सन लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि समिति को प्राप्त सभी गीतों पर गहन विचार विमर्श करने के बाद इस गीत का चयन किया है।

### सीएम बोले
### बजट खर्चों का लेखा-जोखा नहीं, विजन का दस्तावेज है



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट सरकार के खर्चों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि ये सरकार की नीति, नीयत और विज़न का दस्तावेज होता है। उन्होंने हरियाणा की जनता को विश्वास दिलाया कि बजट में की गई घोषणाओं को तीन गुणा रफ्तार से धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सदन को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस प्रकार सभी सदस्यों ने इस बजट सत्र में अपने विचारों, आकलन और सकारात्मक सुझावों से सत्र को सफल बनाया है, उसी प्रकार बजट में की गई घोषणाओं को हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों तक पहुंचाने के लिए भी सहयोग दें।

# बजट सत्र छोड़ गया खट्टी मीठी यादें, खूब चले व्यंग्य के बाण

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र--2025 का शुक्रवार को समापन हो गया। बजट सत्र के अंतिम दिन राज्य सरकार की ओर से छह विधेयक पारित किए गए। विपक्ष की टोका टाकी के बीच एक बार फिर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण टाइम मैनेजमेंट गुरु नजर आए। 12 वें अंतिम रोज कार्यवाही की शुरुआत प्रश्न काल से हुई। इस बार नायाब सरकार का पहला बजट सत्र बिना नेता विपक्ष के चला लेकिन कांग्रेस की ओर से पूर्व सीएम में वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ही इस मामले में प्राथमिकता दी गई। कई मौके ऐसे आए जब सत्ता पक्ष की ओर से भी और विधानसभा अध्यक्ष ने भी इशारों ही इशारों में साफ कर दिया कि भले ही कांग्रेस ने नेता विपक्ष चुनाव हो लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही विधायकों के नेता हैं। अंतिम दिन भी सदन के नेता सीएम व वित्तमंत्री होने के नाते विपक्षी विधायकों को एक बार फिर से कई आपत्तियों के जवाब दिए। लेकिन नोकझोंक और बहस का सिलसिला चलता रहा मुख्यमंत्री ने बार-बार डॉक्टर रघुवीर कादयान को दादा कहक संबोधित किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भाजपा की ओर से मंत्री अनिल विज के बीच अंतिम दिन भी अच्छे खासे व्यंग्य बाण चले।

### सीएम ने चिर परिचित अंदाज में दिए जवाब

बजट सत्र अंतिम दिन भी शुरुआत शुक्रवार को सुबह 11 बजे हुई। सबसे पहले लगभग एक घंटा प्रश्नकाल चला, जिस दौरान विधायकों ने अपने इलाकों की समस्याएं और मांगें रखीं। सदन में अंतिम दिन पर्यावरण को लेकर ले गए ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर जमकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में बहस हुई। अपने चिर परिचित अंदाज और लोकल भाषा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को भी जमकर जवाब दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अंतिम दिन भी सदन में टाइम मैनेजमेंट का हुनर दिखाया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **मंदीप सिंह**, पुत्र: **जसबीर सिंह**, निवासी: **1728, सेक्टर–04, पंचकुला, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.86/2007 U/S 420/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **मंदीप सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया कि आरोपी **मंदीप सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.86/2007 U/S 420/34 IPC, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के आरोपी उक्त **मंदीप सिंह** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **03.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
पूर्वी जिला, कोर्ट नं.03,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3891/SHD/2025
(अदालती मामला)



## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना

मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा संख्या: NR-Proj-UMB-25011 **कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन (188.65 आरकेएम/377.30 टीकेएम) के सहारनपुर–मुरादाबाद खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग''

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री–बिड कार्फ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 84.54 Cr. | 43,77,100/- | 24 | NIL | 15.05.2025 at 15:00 hrs | 15.05.2025 at 15:30 hrs | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच:एमएम)** | **मिनियम डीक्रिमेंट %** | **सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच : एमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृति:** ''50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग''. निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोटः**– तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./09 तारीख : 27.03.2025 962/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## जिला बाल कल्याण परिषद्, भिवानी
### सिलाई केन्द्र में रिक्त पद हेतु आवेदन

पदः- 1 सिलाई-कटाई, अध्यापिका (केवल महिला)
आयुः-21 वर्ष से 42 वर्ष
योग्यताः- 10+2, आई टी आई से (सिलाई-कटाई/फैशन डिजाईनिंग)
वेतन :- 14520 प्रति माह (समेकित)
आवेदन जमा करवाने की अन्तिम तिथि 02-04-2025 से बढ़ाकर 09.04.2025 तक कर दी गई है।
सम्पर्क सूत्रः - 9416605006, 9996201658

हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी, भिवानी।


## प्रदेश में शिक्षकों के खाली पद भरे जाएंगे : महिपाल ढांडा



चंडीगढ़। शिक्षामंत्री मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि राज्य में 14,295 राजकीय विद्यालय संचालित हैं। राज्य सरकार विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए गंभीर है। मेवात काडर में पीआरटी के 1456 रिक्त पदों को भरने हेतू मांग पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को पहले ही भेजा जा चुका है। टीजीटी के 3427 पदों को भरने बारे हरियाणा कौशल रोजगार निगम को इंडेंट भेजा जा चुका है। पीजीटी के 4780 पदों को भरने बारे मांग-पत्र हरियाणा लोक सेवा आयोग को भेजा गया था, जिसके विरुद्ध 1704 पदों को भरने बारे सिफारिशें प्राप्त हुई। पीजीटी पदोन्नति कोटे के 4550 रिक्त पदों को भरने बारे पदोन्नति मामले आमंत्रित किए हैं।

## कैंसर को लेकर जनसंख्या पर आधारित स्क्रीनिंग : आरती राव



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य में सामान्य कैंसर जैसे कि ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों के शीघ्र निदान और प्रबंधन के लिए 30 वर्ष और उससे अधिक आयु की आबादी की जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग (पीबीएस) की जा रही है। उन्होंने बताया कि हालांकि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य तो 1,10,56,289 लोगों की जांच करने का था परन्तु निरंतर प्रयास करते हुए अब तक लगभग 80 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री बजट सत्र के दौरान हरियाणा राज्य में कैंसर रोगियों के बारे में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रही थी।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 08 अप्रैल 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362002234 | अनिल कुमार |
| 093362002605 | अनिल कुमार |
| 093362005233 | कुलदीप सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट | |
| 049862004398 | रितु रितु |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003344 | पिंकी पिंकी |
| शाखा का नाम : बाबेयान | |
| 215362002847 | चरणजीत कौर |
| शाखा का नाम : बेरी | |
| 403762000613 | रामपतेरी |
| शाखा का नाम : बिलासपुर – सरस्वती मार्केट | |
| 383362001217 | धीरज कुमार |
| 383362001369 | हनीफ |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – ग्रीन फील्ड्स | |
| 732462000490 | सुषमा रावत |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–31 | |
| 488905000082 | मोहित चपराना |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–79 | |
| 732362000572 | शन्नु देवी विरेन्द्र सिंह चौहान |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद एनआईटी | |
| 102505007181 | धीरज भाटिया |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–7 बल्लभगढ़ | |
| 107905002012 | मनीष शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर–46 | |
| 389062001405 | संजय शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर–14 | |
| 002162031707 | अजय कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सनसिटी | |
| 039905009914 | दिपाली संधु |
| शाखा का नाम : हरियाणा रेवाड़ी | |
| 062662002829 | गजेन्द्र गजेन्द्र |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662000722 | कुलबीर सिंह |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378862001604 | अंकुश कुमार |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396862000966 | ममता ममता |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000107 | उजमंत सिंह |
| शाखा का नाम : मडलौडा | |
| 204262000992 | हरीश चन्द |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001567 | अमित कुमार |
| 382562000890 | सोनिया देवी |
| शाखा का नाम : रानियां, हरियाणा | |
| 359762000548 | समप्रीत कौर |
| 359762000552 | समप्रीत कौर |
| 359762000823 | समप्रीत कौर धनुजा |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762001932 | अन्नु बाला |
| शाखा का नाम : शाहाबाद | |
| 073162004044 | शेर सिंह |
| शाखा का नाम : रोहिणी, सेक्टर–3 | |
| 425405001124 | अनिल टंडन |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – ओखला फेज–1 | |
| 071605004798 | योगेश दीप भाटिया |
| शाखा का नाम : सांगरिया | |
| 175262002694 | दौलत राम |

दिनांक : 29.03.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, अम्बाला, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, रेवाड़ी, झज्जर, जीन्द, कैथल, पानीपत

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# मोदी और शाह हरियाणा आएंगे

चंडीगढ़। सदन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि 31 मार्च को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा हिसार में एक बड़े ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज से हरियाणा ही नहीं बल्कि राजस्थान और पंजाब के लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात हरियाणा वासियों को देंगे। उन्होंने बताया कि कई बड़े अन्य प्रोजेक्ट्स भी तैयार हैं जिनकी प्रशासनिक स्वीकृति अभी लंबित है जिसमें कुटेल में कल्पना चावला मेडिकल यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, भिवानी में पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज, अंबाला में एयरपोर्ट और शहीद स्मारक आदि शामिल हैं।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन नगला मेगा करनाल में नये डिवीजनल स्टोर और सहायक सिविल कार्यों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.04.2025 | 5.59 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-134/2024-25/HEWP | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | डिस्पेंसरी, मानसरोवर पार्क, यूएचबीवीएन, रोहतक के शिकायत केन्द्र में विभिन्न सिविल कार्य। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 8.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-70/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | सेंट्रल स्टोर यूएचबीवीएन, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 3.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-69/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | आरजीवीवी यूएचबीवीएन, रोहतक के सर्कल ऑफिस में फ्लूटेड वॉल पैनलिंग का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 4.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-67/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | एसई कार्यालय, मॉडल टाउन, यूएचबीवीएन, रोहतक के तृतीय तल पर फॉल्स सीलिंग का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 4.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-68/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/100/33417/I/88/6 दि. 28.03.25


## सरकार द्वारा ईद की छुट्टी रद करना गलत फैसला : दिग्विजय

चंडीगढ़। चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने हरियाणा सरकार द्वारा ईद की छुट्टी को रद्द किए जाने की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ईद की सार्वजनिक छुट्टी को प्रतिबंधित अवकाश में तबदील कर हरियाणा सरकार ने एक बड़े वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्मनिरपेक्ष देश में सभी धर्म के लोगों को पूरी धार्मिक स्वतंत्रता है और अपने धर्म का पालन करने की पूरी आज़ादी और सुविधा मिलती है।

## 34.82 प्रतिशत ग्रामीण विकास बजट खर्च ही नहीं हुआः सैलजा

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार कहती कुछ, करती कुछ और ढिंढोरा ज्यादा पीटती है। भाजपा सरकार की असलियत एक फिर सामने आ गई है। संसद की समिति रिपोर्ट साफ करती है कि 34.82 प्रतिशत ग्रामीण विकास बजट खर्च ही नहीं हुआ। मनरेगा, पीएमजीएसवाई जैसी ज़रूरी योजनाएं भी लापरवाही की भेंट चढ़ गईं। भाजपा केवल प्रचार करती है, काम नहीं। गरीबों और गांवों के विकास की बातें बस भाषणों तक सीमित हैं।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ पंचकूला में | समालखा में एसडीओ (सिविल) प्रशा. ब्लॉक परिसर में लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव + 2 कार्य। | 31.03.2025 07.04.2025 | 20.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | जिला फतेहाबाद में बाढ़ के पानी के कारण क्षतिग्रस्त रोड टोहाना रतिया रोड से धीर वाया गुल्लड़वाला कि.मी. 2.00 से 3.00 तक रोड आईडी 5399 का रिस्टोरेशन। | 26.03.2025 03.04.2025 | 24.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव निगधू जिला करनाल में आवास सहित सीएचसी का निर्माण (शेष आंतरिक ई.आई. केवल का प्रावधान) + 2 कार्य। | 27.03.2025 07.04.2025 | 10.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | जिला कैथल में गुहला के न्यायालय परिसर में 1 अदद प्रथम तल पर कोर्ट रूम का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 49.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPD2KTL@GMAIL.COM |
| 5 | निदेशक राज्य परिवहन हरियाणा | 38 अदद विभिन्न क्षमताओं वाले जनरेटिंग सैट / अद्यतन विशिष्टताओं सहित कुल मूल्य 430.00 लाख (लगभग) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग हेतु निविदा। | 28.03.2025 25.04.2025 | 430 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | वन विभाग हिसार | वर्ष 2025–26 हेतु मिनी चिड़ियाघर भिवानी और मिनी चिड़ियाघर पशुओं हेतु फीड की आपूर्ति। | 25.03.2025 01.04.2025 | 123.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-259233 dwlohisar@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ में 20 बहुउद्देश्यीय प्रिंटर (एमएफएम) की खरीद। | 01.04.2025 15.04.2025 | 10000 | https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ के ओप्थालमोलॉजी विभाग हेतु 10 कैटरेक्ट सैट की खरीद। | 01.04.2025 15.04.2025 | 5000 | https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | वुडन क्रेट्स। | 27.03.2025 11.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | मदीना लिंक ड्रेन के आरडी 0 से 32000 तक आई/सी + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.04.2025 | 7.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 68663/आर जेडी5 पर क्षतिग्रस्त लाइंड डब्ल्यू/सी की रिमॉडलिंग / पुनरोद्धार + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 722.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जलापूर्ति अभियांत्रिकी सब डिवीजन गोहाना में गांव बड़ौदा में बाढ़ संरक्षण कार्य हेतु नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | 26.03.2025 01.04.2025 | 25.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 13 | महिला एवं बाल विकास विभाग पानीपत हरियाणा | एसएनपी आपूर्ति एडब्ल्यूसीएस को का परिवहन कार्य। | 21.03.2025 06.04.2025 | 8.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 890110931 popnp.wcd@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज बोंद कलां | गांव सनग रोड के पशु चिकित्सा हस्पताल में चारदिवारी का निर्माण। | 26.03.2025 02.04.2025 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | गांव महोआ खेड़ी में सामुदायिक केन्द्र की बीसी और गांव कंजाला के सामुदायिक केन्द्र में बीसी का निर्माण और गांव सानीवाली में एस/घाट की चारदिवारी का निर्माण (जीपी गन्नौली) ब्लॉक नारायणगढ़। | 26.03.2025 01.04.2025 | 23.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज कैथल | गांव बलवंती के शमशान घाट में शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 26.03.2025 02.04.2025 | 5.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416775366 kaithalsdopr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/320/33428/I/88/6 दि. 28.03.25



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 72 दिनांक 27.03.2025 धारा 140(3) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम – हशुनबानो
**पिता/पति-** पुत्री हसनुधीन
**पता-** निवासी औम भट्ठा जसिया जिला रोहतक
**उम्र**–13 वर्ष
**कद**–4 फुट 6 इंच ।
**हुलिया** – रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, चपटी नाक ।
**पहनावा** – गुलाबी रंग का सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 27.03.25 को हशुनबानो पुत्री हसनुधीन निवासी औम भट्ठा जसिया जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9467309684

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 131 दिनांक 27.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



**नाम** – सोमा
**पिता/पति-** पत्नी राजू
**पता** – निवासी अनाज मंडी गेट नम्बर। रोहतक
**उम्र**– 29 वर्ष
**कद**– 5 फुट ।
**हुलिया** – रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा ।
**पहनावा**– फिरोजी रंग का छींटदार घाघरा व कुर्ती, काली चुनरी व पैरों में चप्पल पहने हुए।


दिनांक 27.03.25 को सोमा पत्नी राजू निवासी अनाज मंडी गेट नम्बर 1 रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416241105

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**डी.डी न. 37 दिनांक 26.03.25 धारा 194 BNSS थाना पी जी आई एम एस जिला रोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



**नाम** – नामालूम
**पिता/पति का नाम** नामालूम
**पता**– नामालूम।
**उम्र**– लगभग 45 वर्ष
**हुलिया**– रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत जिस्म, बांए पैर से अपंग ।
**पहनावा**– नीले रंग की शर्ट व सफेद रंग का पजामा पहने हुए है।

दिनांक 26.03.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश पी जी आई एम एस रोहतक के ईलाका में मैडिकल मोड के पास मिली है। जिसके शव को शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना पी जी आई एम एस रोहतक 7082999121, 01262-282327
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894, 9996464100

पीआरडीएच-1084/11/3226/2025/33437/88/6 दि. 28.03.2025

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध करवाने के मामले में आरोपी अजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 फरवरी को धीरज निवासी भनकपुर को एक पिस्तौल, 2 मैगजीन व एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया था, जिस संबंध में थाना बीपीटीपी में मामला दर्ज किया गया, आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि वह इस अवैध असला को अजय निवासी जाजरु से लाया था।उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने आगे कार्रवाई करते हुए 27 मार्च को आरोपी अजय निवासी जाजरु सेक्टर-58 फरीदाबाद को जाजरु से गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में बताया कि उसने धीरज को एक पिस्तौल, 2 मैगजीन व एक कारतूस एक लाख रुपए में बेचा था।

### हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

**झज्जर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव लकड़ियां के नजदीक तेज गति से आ रहे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसके कारण स्कूटी सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक महिला की पहचान दर्शना निवासी गांव धांधलान के तौर पर की गई है। जबकि घायल महिला का नाम कोमल बताया जा रहा है। बाद में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल का एक युवक बहादुरगढ़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। बीते दो दिन से उसका कुछ अता पता नहीं है। परिचितों की ओर से पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई गई है। सेक्टर दो के निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि यूपी के निवासी संदीप से मेरी दोस्ती है। संदीप का भाई पंकज यहां एक कंपनी में काम करता है। संदीप ने फोन करके मुझे बताया कि मेरे भाई का फोन बंद आ रहा है। तुम फैक्ट्री में जाकर मेरी बात कराओ। इसके बाद मैं सूर्या नगर स्थित कंपनी में गया तो वहां पता चला कि 26 मार्च से पंकज ड्यूटी पर ही नहीं आया।

### वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी मुकीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिमांशु निवासी भीम बस्ती फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर-16 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 7 सितंबर 2023 को वह अपनी मोटरसाइकिल पर लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर-16 गया था वह अपनी मोटरसाइकिल मंदिर के बाहर खड़ी कर खुद अंदर चला गया, बाद में बाइक चोरी मिली।

# दिल्ली में आबोहवा खराब, एनसीआर में ग्रेप के पहले चरण की पाबंदियां लागू

■ अपंजीकृत निर्माण पर लगी रोक ■ कोयला व लकड़ी नहीं जला सकेंगे ■ वाहनों पर भी सख्ती

हेमंत शर्मा ▶▶ रेवाड़ी




प्रदूषण के कारण आबोहवा खराब होने के कारण दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान शनि ग्रेप के पहले चरण की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। इसका असर एनसीआर में पड़ने के कारण जिला रेवाड़ी में भी प्रशासन की ओर से ग्रेप-वन की पाबंदियां लागू कर दी है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रेप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग यानि सीएक्यूएम की ओर से रेवाड़ी जिला सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए ग्रेप-वन के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

■ रेवाड़ी उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का सख्ती से पालना करने के दिए निर्देश

उन्होंने कहा सभी जिलावासी भी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले उपायों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। डीसी मीणा ने कहा कि जिले में ग्रेप-वन की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए सभी को प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकाय व एसएसआईआईडीसी सहित अन्य विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिले में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। डीसी ने कहा कि सभी विभाग जिल्र में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें।

#### सड़कों पर पानी का छिड़काव

बड़े भूखंडों में निर्माण व ढहाने पर रोक रहेगी। निमार्णाधीन या ढहाने वाले भवनों के पास धूल रोकने के इंतजाम करने होंगे। शहरी निकाय को नियमित रूप से रोजाना कचरे का निस्तांतरण करना होगा। सड़कों की मशीन से सफाई व पानी का छिड़काव किया जाता है।

#### जनरेटर का सीमित इस्तेमाल

सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि इस दौरान गैर-जरूरी ट्रक दिल्ली-एनसीआर में न घुसने पाएं। कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांट में भी मानकों का पालन करना होता है। डीजल जनरेटर सेट का सीमित रूप से इस्तेमाल करना होगा। अन्य नियम भी लागू है।

#### एक्यूआई और ग्रेप के चार चरण

दिल्ली की आबोहवा खराब होने से रेवाड़ी में भी ग्रेप के पहले चरण की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए ग्रेप के चार चरण तय किए गए हैं। एक्यूआई 201 से 300 पर खराब होने पर ग्रेप-1 लागू किया जाता है।

एक्यूआई 301 से 400 पर हवा बहुत खराब होने पर इसका दूसरा चरण लागू होता है। हवा की गुणवत्ता गंभीर रूप से खराब होने यानि एक्यूआई 401 से 450 पर तीसरा और एक्यूआई 450 से ज्यादा होने पर चौथा चरण लागू किया जाता है।

इस साल हवा की गुणवत्ता पिछले साल के मुकाबले छह दिन बाद खराब की श्रेणी में पहुंचने पर ग्रेप-1 लागू कर दिया गया है। ग्रेप-वन में समयावधि पूरी कर चुके पेट्रोल व डीजल वाहन नहीं चलेंगे।

कचरा, कोयला और लकड़ियां जलाने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। एक जनवरी तक पटाखों का न तो निर्माण होगा और न ही भंडारण और बिक्री होगी। अवैध और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई भी संभव है। ईंट-भट्टों को भी प्रदूषण से निपटने के इंतजाम करने होंगे।

### अब काम आ सकती है एंटी स्मॉग मशीन

नगर परिषद को जनवरी के अंतिम सप्ताह में करीब 40 लाख रुपए कीमत की नई वाटर सप्रिंकलर मशीन यानि एंटी स्मॉग मशीन मिल चुकी है। ग्रेरप-वन के लागू होने से एंटी स्मॉग मशीन का इस्तेमाल शुरू किया जा सकता है, क्योंकि आने के बाद से यह मशीन नगर परषिद की शोभा बढ़ा रही है। शहर में लगर परिषद की ओर से जगह-जगह सड़कें भी खोद कर डाली हुई है तथा मार्गो के किनारे मिट्टी जमा हो चुकी है। नगर परिषद की ओर से सड़कों की मिट्टी हटाने में स्वीपिंग मशीन का भी इस्तेमाल कम किया जा रहा है। वाहनों को रखना होगा सही वहीं लोगों को अपने वाहनों के इंजन ठीक रखने होंगे, जिससे प्रदूषण न फैले। टायरों में हवा का दबाव ठीक रखना होगा। पीयूसी सर्टिफिकेट अपडेट रखने के साथ ही रेड लाइट पर इंजन बंद करना होगा। खुली जगह में कचरा फेंकने व जलाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।



निर्माण कार्यों पर लगी रोक

# सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ डाली फोटो, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




■ मढ़ निवासी समनदीप सिंह ने तीन माह पहली डाली थी फोटो

जिला पुलिस इन दिनों सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ सख्त रूख अपनाए हुए है। एसपी द्वारा ऐसे मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देशों के बाद पुलिस टीम भी एक्शन है। जिले में एक ओर युवक को सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालना महंगा पड़ गया है। पुलिस ने करीब तीन महीने पहले डाली गई फोटोज के आधार पर युवक के खिलाफ अब केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में नागपुर पुलिस चौकी प्रभारी एसआई गोपाल दास ने बताया है कि उन्हें सूचना मिली कि गांव मढ़ निवासी समनदीप सिंह उर्फ दीप ने अपने हाथों में पिस्टल व अन्य हथियार लेकर आमजन में दहशत फैलाने के लिए अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर फोटो व वीडियो डाल रखी है। आरोप है कि उसने 3 दिसंबर 2024, 12 दिसंबर 2024, 24 दिसंबर 2024 और 26 दिसंबर 2024 को फोटो डाली। समनदीप सिंह की इंस्टाग्राम आईडी को कई लोगों ने लाइक किया हुआ है। एसआई के अनुसार, समनदीप उर्फ दीप ने हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालकर दहशत फैलाने का काम किया है। इस मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व पुलिस ने सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा के समर्थक युवा कांग्रेसी नेता वीरेंद्र लालवास पर भी हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

### गंदे नाले में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**जींद।** खापड़ में बृहस्पतिवार रात गंदे नाले में गिर कर डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। उचाना मंडी निवासी पप्पू (60) अपने भाइयों से मिलने के लिए गांव खापड़ आया हुआ था। शुक्रवार को पप्पू का शव गांव के गंदे नाले से बरामद हुआ। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। आशंका जताई जा रही है कि पप्पू रात को शराब के नशे में पांव फिसल कर गंदे नाले में गिरा है। नशे में होने के कारण वह गंदे नाले से बाहर नही आ सका। जिसके चलते उसकी डूबने से मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के 100 का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बुजुर्ग की मौत से परिवार में मातम का माहौल है।



### केएमपी पर कैंटर से टकराई पुलिस के डायल 112 की गाड़ी

**खरखौदा।** केएमपी पर गश्त के दौरान पुलिस की इनोवा डायल 112 के आगे चल रहे कैंटर से टकरा गई। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। एएसआई नरेंद्र ने बताया कि वे गश्त पर थे। केएमपी पर एक आईसर कैंटर चल रहा था। जो अपने व्हीकल को कभी दाएं तो कभी बाएं कर रहा था। इसके बाद अचानक कैंटर चालक ने ब्रेक लगा दिए। जिसमें पुलिस की डायल 112 कैंटर से टकरा गई। आरोपी चालक से पूछा तो उसने अपना नाम बस्ती यूपी निवासी जगजीवन बताया है। जिसमें सिपाही नवीन व सुरेंद्र को चोटें आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सीबीआई का डीएसपी बनकर युवक से 88 हजार रुपये ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने सीबीआई का डीएसपी बनकर एक युवक से 88, 220 रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के गया निवासी सोनू ने कहा कि वह मानेसर के गांव अलियर में किराए पर रहता है। वह एक कंपनी में काम करता है। बीती 22 फरवरी को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई में डीएसपी बताया। उसने सोनू से कहा कि उसके नाम से फ्रॉड सिम चल रही है। जिस पर अवैध अकाउंट चल रहे हैं। इसलिए सोनू के बैंक अकाउंट की जांच करनी होगी। सोनू डर गया और तथाकथित डीएसपी के कहने पर उसने 45,110 रुपए व 43,110 रुपए यूपीआई के जरिए ट्रांसफर कर दिए। बाद में सोनू का अहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई है।

# साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, 13.74 लाख की नकदी व नोट गिनने की मशीन सहित सात काबू

■ 7 मोबाइल फोन, 25 एटीएम कार्ड, 6 चेकबुक भी बरामद, विभिन्न राज्यों 27 केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह को काबू किया है। गिरोह में सात सदस्य शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13.74 लाख की नकदी के साथ नोट गिनने वाली मशीन, लैपटॉप व 25 एटीएम कार्ड भी जब्त किए हैं। शुरूआती जांच में यह बात भी सामने आई कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में ठगी की 27 शिकायतें लंबित हैं। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में 26 लाख 57 हजार रूपये के फ्रॉड के मामले में



अंबाला। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी साइबर ठग।

अभी तक सात आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों में गुरुग्राम की एएसएफ बिल्डिंग एरिया के रहने वाले आरोपी सुमित तंवर, गुरुग्राम के ही बालजी मंदिर खांडसा के नरेंद्र शुक्ला, दिल्ली के बाबा मोहल्ला के हर्षित व शैलेंद्र सिंह शामिल है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को पांच दिन के रिमांड पर लिया है। शुरूआती जांच में ही पुलिस ने आरोपियों से 1 लाख 12 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि यूपी के विभव नगर के सेक्टर 3 का रहने वाला बैंक कर्मी गौरव, गुरुग्राम की कृष्णा कॉलोनी का हार्दिक व गुरुग्राम के ही अशोक विहार का दिवेश भी उनके गिरोह में शामिल है। पुलिस ने इन आरोपियों को भी काबू कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दिवेश के फ्लैट से 10 लाख 72 हजार रूपये नकद, नोट गिनने की मशीन, मोबाइल व लैपटॉप बरामद किया है। आरोपी हार्दिक से 1 लाख 80 हजार रूपये, मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## सीजीएसटी ने 2500 टन सुपारी की हेराफेरी पकड़ी

गुरुग्राम। सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) की एंटी एवेजन ब्रांज ने गुरुग्राम में पंजीकृत एक फर्म द्वारा करोड़ों रुपए की सुपारी की गुप्त सप्लाई व हेराफेरी का पर्दाफाश किया है। सीजीएसटी की एंटी एवेजन ब्रांच ने छापेमारी कर 2500 टन अवैध सुपारी की खरीदारी व हेराफेरी पाई है।

ऐसे में फर्म द्वारा करीब चार करोड़ रुपए के जीएसटी की चोरी उजागर की है। फिलहाल ब्रांज की टीम जांच कर रही है। सीजीएसटी गुरुग्राम कमिशनरेट की एंटी-एवेजन ब्रांच ने डेटा एनालिटिक्स के आधार पर श्रीघाटा मेहंदीपुर बालाजी सुपारी एलएलपी (जो गुरुग्राम में पंजीकृत है) द्वारा सुपारी की गुप्त आपूर्ति और हेराफेरी का एक तरीका उजागर किया है। गत गुरुवार को श्रीघाटा मेहंदीपुर बालाजी सुपारी एलएलपी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी करने के दौरान यह सामने आया है कि इस फर्म ने 2500 टन अवैध सुपारी की गुप्त खरीदीरी कर हेराफेरी की है।

इस अवैध सुमारी की कुल कीमत 82 करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं प्रारंभिक जांच में जीएसटी चोरी के रूप में 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के संकेत मिले हैं।

## दमकल और सफाई कर्मी कल मंत्री आवास का करेंगे घेराव

**फरीदाबाद।** प्रदेश के दमकल विभाग में कार्यरत पे-रोल, नियमित व कौशल निगम के दमकल कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के समाधान ना होने से नाराज भारी संख्या में 30 मार्च को फरीदाबाद पहुंचकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और निकाय मंत्री विपुल गोयल के आवास का घेराव करेंगे इस घेराव कार्यक्रम में सैंकड़ो की संख्या में सफाई कर्मचारी भी शामिल होंगे। उक्त बयान को जारी करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजिंदर सिन्द ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने बीते 25 फरवरी को दमकल कर्मचारियों की मांगों के समाधान हेतु 15 सूत्रीय मांग पत्र राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और निकाय मंत्री विपुल गोयल, प्रधान सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व निकाय विभाग और महानिदेशक अग्निशमन के नाम भेजा गया था इसके उपरांत महानिदेशक अग्निशमन के बुलावे पर यूनियन प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यालय पर लगभग 3 घण्टे चली वार्ता में महानिदेशक ने कुछ मांगों को अपने लेवल पर मान लेने का और कुछ मांगों को सरकार के पास भेज दी थी।

# खेत के नाले में फंसी नीलगाय, गोसेवकों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला

डायल-112, फायर बिग्रेड व वन्य प्राणी विभाग ने हाथ किए खड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ ग्रामीणों ने डायल-112, फायर बिग्रेड और फिर वन्य प्राणी विभाग को दी सूचना। तीनों ने वाहन न होने का हवाला देकर आने से मना कर दिया, बाद में गोसेवकों ने मोर्चा संभाला

पशु प्रेम और सेवा की एक बार फिर से मिसाल पेश करते हुए गौरक्षा दल की टीम ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायल नीलगाय को दलदल से सुरक्षित बाहर निकाला। घटना खरकड़ी-सुई रोड पर खेतों में बने नाले की थी, जहां क्षेत्रवासी ग्रामीणों ने नीलगाय के फंसे होने की सूचना पहले डायल-112, फिर फायर बिग्रेड तथा फिर वन्य प्राणी विभाग को दी। तीनों विभागों द्वारा साधन की उपलब्धता नहीं होने सहित अन्य कारणों का हवाला देते हुए घायल नीलगाय की मदद के लिए हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने गौरक्षा दल को सूचना दी तथा गौरक्षा दल के सदस्यों ने प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में मोर्चा संभाला तथा चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायल नीलगाय को दलदल से बाहर निकाला।

■ घायल नीलगाय को उपचार के लिए गो चिकित्सालय भेजा: परमार



भिवानी। नाले की दलदल में फंसी नीलगाय।

### कुत्तों से बचने के लिए नाले में लगा दी छलांग

गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि वीरवार शाम को उन्हे सूचना मिली थी कि गांव खरकड़ी-सुई रोड पर खेतों में बने नाले में नीलगाय गिरी हुई है तथा इस नाले में भयंकर दलदल होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रही है। परमार ने बताया कि नीलगाय घायल अवस्था में थी तथा पीछे पड़े कुत्तों से बचने के लिए भाग रही थी, इस दौरान वह नाले में गिर गई। परमार ने बताया कि डायल-112, फायर बिग्रेड, वन्य प्राणी विभाग द्वारा पीछे हटने के बाद उन्होंने मोर्चा संभालते हुए अपने स्तर पर गांव बापोड़ा से जेसीबी की व्यवस्था की तथा करीबन चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नील गाय को दलदल से बाहर निकाला। इस दौरान झज्जर गोकुल धाम से सुनील निमाणा की एंबुलैंस मंगवाई गई। उन्होंने बताया कि बाहर निकालने के बाद घायल नीलगाय का चिकित्सालय में उपचार करवाया। गोसवकों द्वारा नीलगाय को बचाने के प्रयास को ग्रामीणों ने जमकर सराहा। इस अवसर पर पंकज बापोड़ा, रणधीर प्रधान बापोड़ा, अमित आकू सुई, कुकी परमार, बादल गुर्जर, अमित गुर्जर व अनमोल फौजी आदि मौजूद रहे।

## बाथरूम में गड्ढा बना कर छुपा रखी थी 4650 प्रतिबंधित गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



■ पुलिस ने हंसडैहर में एक मकान में छापेमारी कर नशे की खेप की बरामद

गढ़ी थाना पुलिस ने गांव हंसडैहर में मकान में छापेमारी कर बाथरूम में होल बना कर छुपाई गई प्रतिबंध 4650 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गढ़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव हंसडैहर निवासी अमनदीप उर्फ बिट्टू नशीली गोलियों का कारोबार करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अमनदीप के घर पर छापा मारा तो वह अपने मकान में चारपाई पर बैठा मिला। पुलिस ने जब मकान की गहनता से जांच की तो बाथरूम में होल बना कर नशीली प्रतिबंधित गोलियों को छुपा के रखा गया था। पुलिसकर्मियों ने जब नशीली गोलियों को जांच तो छह डिब्बे ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड के मिले। जिसमें 1200 प्रतिबंधित नशीली गोलियां पाई गई। दूसरे डिब्बे में अल्प्राजोलम की 3450 नशीली प्रतिबंधित गोलियां पाई गई। छानबीन में सामने आया कि अमनदीप अपने घर में छुपाई गई गोलियों को बेचता था। जिस पर पुलिस नजर बनाए हुए थी। गढ़ी थाना पुलिस ने अमनदीप के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी रायसिंह ने बताया कि आरोपित नशीली गोलियों का कारोबार कर रहा था। सूचना के आधार पर आरोपित के घर पर छापेमारी की गई।

### कारों की टक्कर में पिता की मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल

**यमुनानगर।** गांव पाबनी कलां के पास दो कारों की भिडंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका लड़का घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सेहला निवासी सिमरनजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को अपने पति 56 वर्षीय गुरमुख सिंह के साथ आल्टो के 10 कार में सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव पाबनी कलां के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही ईकोस्पोट कार ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह तथा उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## उद्योगों की वृद्धि दर घटकर पांच माह के निचले स्तर पर

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर 2.9 फीसदी पर आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी।

मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई।

### बिजली की उत्पादन वृद्धि 2.8 फीसदी रही

कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही। फरवरी 2024 में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक तथा सीमेंट उत्पादन में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। आईआईपी समग्र औद्योगिक विकास को मापता है।



### राजकोषीय घाटा फरवरी अंत तक निर्धारित लक्ष्य पर

केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी, 2025 के अंत तक समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 85.8 प्रतिशत हो गया। शुक्रवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) ने यह आंकड़े जारी किए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के बीच केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वास्तविक संदर्भ में 13,46,852 करोड़ रुपये रहा।

- पिछले साल इसी माह में वृद्धि दर 7.1 फीसदी रही
- फरवरी में कच्चा तेल व गैस के उत्पादन में रही गिरावट
- कोयला वृद्धि दर 1.7 प्रतिशत पर दर्ज की गई

*संशोधित अनुमान आरई का 86.5 प्रतिशत : सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहा जाता है। एक साल पहले की समान अवधि में यह घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान (आरई) का 86.5 प्रतिशत था। सीजीए के आंकड़ों से पता चला है कि केंद्र सरकार का कर राजस्व (शुद्ध) 20 लाख करोड़ रुपये यानी वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान का 78.8 प्रतिशत था।*

### राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान

मौजूदा कीमतों के आधार पर मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में कुल राजस्व व्यय में से 9.52 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.63 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी मद में हुए थे। सीजीए ने कहा कि फरवरी, 2025 तक सरकार ने करों के हिस्से के रूप में राज्य सरकारों को 11.80 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.47 लाख करोड़ रुपये अधिक है।


### घाटा जीडीपी का 4.8 प्रतिशत संभव

पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 79.6 प्रतिशत था। केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल व्यय 38.93 लाख करोड़ रुपये यानी संशोधित अनुमान का 82.5 प्रतिशत था। एक साल पहले की अवधि में यह 83.4 प्रतिशत था। केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत और 2025-26 के लिए 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से स्थानीय शेयर बाजार गिरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय आयात पर अमेरिका में दो अप्रैल से जवाबी सीमा शुल्क लगाने से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच वित्त वर्ष 2024-25 के अंतिम कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में गिरावट हावी रही। निफ्टी करीब 73 अंक फिसला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 191.51 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 पर बंद हुआ। निफ्टी 72.60 अंक गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 का आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे इस वित्त वर्ष में सेंसेक्स कुल 3,763.57 अंक यानी 5.10 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी 1,192.45 अंक यानी 5.34 प्रतिशत चढ़ा। शेयर बाजार ईद-उल-फितर के मौके पर सोमवार को बंद रहेंगे।




- वित्त वर्ष में सेंसेक्स पांच प्रतिशत चढ़ा
- निफ्टी करीब 73 अंक फिसला

**इन शेयरों में रही गिरावट**

*सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक के शेयरों में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। इसके अलावा एचसीएल टेक, मारुति, इन्फोसिस, जोमैटो, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी नुकसान में रहे।*

**इन शेयरों में रही तेजी**

*दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिला।*

### सोना 92,000 के पार, चांदी 1,300 रुपये तेज

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में आई तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,100 रुपये के उछाल के साथ 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वित्त वर्ष 2024-25 में सोने की कीमतों में पिछले साल एक अप्रैल को 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 23,730 रुपये यानी 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये उछलकर 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार बंद में यह 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में 1,300 रुपये की तेजी आई और यह बृहस्पतिवार के बंद स्तर 1,01,700 रुपये प्रति किलोग्राम के मुकाबले 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई।

**खुली बोली सूचना**

राजकीय माध्यमिक विद्यालय पंघाल खुली बोली
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पंघाल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला पंघाल में विभाग द्वारा कंडम घोषित 6 कमरों बरामदों सहित की खुली बोली दिनांक 11 अप्रैल 2025 को सुबह 9:00 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। जिनकी रिजर्व वैल्यू एक लाख 25 हजार रूपए है। सभी बोली दाता निर्धारित धरोहर राशि 25 हजार रुपए बोली से पहले डीडी/ बैंक चेक के माध्यम से कार्यालय में जमा करवाते हुए बोली में शामिल हो सकते हैं। शेष नियम व शर्तें समय पर सुनाई जाएंगी।
एसएमसी, जीपीएस, पंघाल
मुख्य शिक्षक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, पंघाल (19402) हिसार

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, जींद आगार व उपकेन्द्र नरवाना/सफीदों/उचाना/जुलाना व अलेवा बस स्टैण्डों पर स्थित खाली दुकानों/बूथों की नीलामी (किराये पर) नया बस स्टैण्ड, जींद में दिनांक 03.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे होगी। अधिक जानकारी हेतू इस कार्यालय के भवन लिपिक से किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क करें।
हस्ता/-महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन, जींद
पीआरडीएच 1119/11/620/2025/33396/88/6 दि. 28.03.2025

# चालू खाते का घाटा तीसरी तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर परः आरबीआई

भाषा ▶▶ मुंबई




देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत) था। हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में चालू खाता घाटा जुलाई-सितंबर 2024 के 16.7 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.8 प्रतिशत) से कम रहा था। भुगतान संतुलन के बारे में आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत का चालू खाता घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही में 11.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) हो गया, जो 2023-24 की तीसरी तिमाही में 10.4 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। हालांकि यह 2024-25 की दूसरी तिमाही के 16.7 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.8 प्रतिशत) से कम हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वस्तु व्यापार का घाटा बढ़कर 79.2 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 71.6 अरब डॉलर था। आरबीआई ने कहा कि अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान चालू खाते का घाटा बढ़कर 37.0 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 30.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। इसमें बढ़ोतरी का मुख्य कारण व्यापार घाटे का बढ़ना है।

### ओकरिज विशाखापत्तनम की छात्राएमआईटी ग्लोबल स्टीम वीक 2025 के लिए चयनित



**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम की कक्षा 8 की छात्रा महालक्ष्मी और शैली ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में 2025 ग्लोबल स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) सप्ताह में भाग लेने का प्रतिष्ठित अवसर अर्जित किया है। दोनों छात्राएं इस नवंबर में एमआईटी में दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया स्कूलों के 62 अन्य छात्रों के साथ चार सदस्यीय समूह के हिस्से के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन प्रक्रिया में छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए अभिनव समाधान तैयार करने, अपनी रचनात्मकता, समस्या सुलझाने के कौशल और वैज्ञानिक योग्यता का प्रदर्शन करने की चुनौती दी गई थी। कार्यक्रम के दौरान, वे रोबोट बनाने से लेकर बायो इंजीनियरिंग, कोडिंग तक की गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाली परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे।

**सूचना**

मैं, जगदीप सिंह पुत्र श्री धन राज निवासी खेड़ी साध तहसील सांपला (42), जिला रोहतक बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम जगदीप सिंह गहलावत से बदलकर जगदीप सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे जगदीप सिंह के नाम से जाना जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **महराना के तालाबों को मत्स्य पालन हेतू** पट्टे पर छोड़ा जाना हैं। जिसकी दिनांक 01/04/2025 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सचिवालय में खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। ऐच्छिक बोलीदाता को 10,000 रुपये जमानत राशि बोली से पहले जमा करवानी होगी। इसके अतिरिक्त अन्य नियम व शर्तें बोली से पूर्व मौके पर बता दी जाएगी।
हस्ता/-रामअवतार, सरपच
ग्राम पंचायत महराना।
पीआरडीएच 1028/11/106/2025/33421/88/6 दि. 28.03.2025

# एलन कोटा में जेईई व नीट के बैच 2 अप्रैल से



**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 2 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। बैच की तिथियों की घोषणा होने के साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आने लगे हैं। इसी उत्साह को देखते हुए स्टूडेंट्स की सुविधा और प्रोत्साहन के लिए एलन करियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में 2 अप्रैल तक एडमिशन का महा अवसर शुरू किया गया है। इसके तहत स्टूडेंट्स एलन कोटा में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। इस स्कॉलरशिप का लाभ एलन स्कॉलरशिप-एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) में शामिल होकर प्राप्त किया जा सकता है। महा अवसर पर के तहत एलन कोटा सेंटर पर 2 अप्रैल तक रोजाना 1 से 3 बजे तक ए-सेट आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आ रहे हैं। इसके साथ ही नेशनल लेवल पर भी ए-सेट की तिथियां जारी कर दी गई है। 30 मार्च और 6 और 13 अप्रैल को देशभर में एलन के केन्द्रों पर नेशनल एसेट का आयोजन किया जा रहा है, एलन में प्रवेश के इच्छुक स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लीलाराम पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी मकान नंबर 5349, मौहल्ला स्वामीवाड़ा, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) का स्वर्गवास दिनांक 07.09.2005 को हो चुका है और उनकी पत्नी शांति देवी का स्वर्गवास दिनांक 12.03.2017 को हो चुका है। दोनों के स्वर्गवास के बाद अब उनकी प्रोपर्टी के कानूनी वारिस इस प्रकार है:- 1. श्रीमती ममता देवी (पुत्री), 2. सतीश कुमार (पुत्र), 3. दलीप कुमार (पुत्र)।
सर्व साधारण को सूचित किय जाता है कि सतीश कुमार पुत्र स्व० श्री लीलाराम का स्वर्गवास 23.11.2013 को हो चुका है। सतीश कुमार के स्वर्गवास के बाद उनकी प्रोपर्टी के कानूनी वारिस इस प्रकार है:- 1. श्रीमती माया देवी (पत्नी), 2. श्रीमती स्वीटी (पुत्री), 3. श्रीमती वंदना (पुत्री), 4. श्रीमती आरती (पुत्री), 5. श्रीमती पूजा (पुत्री), 6. श्री विपिन बारी (पुत्र)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दलीप कुमार पुत्र स्व. लीलाराम का स्वर्गवास 10.07.2005 को और आशा देवी पत्नी दलीप कुमार का स्वर्गवास दिनांक 01.12.2009 को हो चुका है। उनके देहांत के बाद उनकी प्रोपर्टी के कानूनी वारिस इस प्रकार हैं:- 1. जय दीप (पुत्र), 2. श्री कपिल (पुत्र), 3. श्रीमती सोनू बारी (पुत्री)
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वारसानों के अलावा कोई कानूनी वारिस नहीं है। अगर कोई वारिसा होगा तो उसका जिम्मेवार मैं स्वयं रहूंगी।
ब्यानकर्ता: ममता देवी

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | एडीजीपी, सीएडी हरियाणा की ओर से ड्रोन एप्लीकेशन प्रशिक्षण केन्द्र टेक्नीकल विंग, सीआईडी (मधुबन) हेतु 2 अदद प्रशिक्षण ड्रोन की खरीद। | 29.03.2025 15.04.2025 | 8 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dhhardware.hartron@gmail.com |
| 2 | हारट्रोन | महानिदेशक पुलिस, हरियाणा की ओर से 374 अदद बहुउद्देश्यीय प्रिंटर कम फोटोकॉपियर की खरीद। | 29.03.2025 21.04.2025 | 3.74 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dhhardware.hartron@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33416/I/88/6 दि. 28.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकुला | जिला खाद्य लैबोरेट्री करनाल के अपग्रेडेशन हेतु आवश्यक विभिन्न उपकरणों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.03.2025 18.04.2025 | 22.54 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33432/I/88/6 दि. 28.03.25



### गीतम विवि की प्रवेश परीक्षा 2025 कई राज्यों में प्रारंभ

**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने परिसरों में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को अपना प्रवेश परीक्षा (गेट) 2025 शुरू किया। विश्वविद्यालय देश के 12 राज्यों में फैले 42 केंद्रों पर गेट -2025 आयोजित कर रहा है। गीतम के कुलपति प्रो. वाई. गौतम राव ने विशाखापत्तनम केंद्र में ऑनलाइन प्रश्न पत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं के सहयोग से अपने पाठ्यक्रम को लगातार अद्यतन करने, प्रयोगशालाओं को उन्नत करने और नए कार्यक्रम शुरू करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**COURT NOTICE**
IN THE COURT OF
**Sh. Mohommad Sageer**
Additional Civil Judge (Senior Division), Meham
Case No. CS/106/2024
CNR No. HRRHA00002032024
Next Date : 03.04.2025
1. Anita Devi wd/o Virender Kumar @ Vikas S/o Mohender 2. Ravi Kumar S/o Virender Kumar @ Vikash S/o Mohender 3. Sanju Rani d/o Virender Kumar @ Vikash S/o Mohender All R/o Village Talu, Teh. and Distt. Bhiwani
**Plaintiffs.**
**VERSUS**
1. General Public 2. The State Of Haryana through its Collector Rohtak 3. District Revenue Officer (DRO), Rohtak, Distt. Rohtak 4. Tehsildar, Meham, Tehsil Meham, Distt, Rohtak
**Respondents.**
Suit for declaration with consequntial relief of mandatory injunction
**(It is therefore prayed that a decree for declaration to the effect that the name of the husband of the plaintiff no.1 and father of plaintiff no. 2 and 3 is Virender Kumar @ Vikas instead of Vikas with a consequential relief of mandatory injuction directing the defendants to enter and sanction the inhertance mutation of deceased Virender Kumar @ Vikas in favour of the plaintiffs may kindly be passed in favour of the plaintiffs and against the defendants.)**
NOTICE TO:
**Respondent no. 1. General Public**
In above titled petition the respondent(s) could not be served. It is ordered that the Respondent(s) should appear in person or through counsel on 03-04-2025 at 10,00 A.M.
**For more details logon: https://districts.ecourts.gov.in/rohtak**
**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Meham**

**कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी**

**वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं दुलाई और परिवहन कार्यों हेतु अल्प अवधि पुनः ई-निविदा सूचना**

एसडीएम, चरखी दादरी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में निम्नलिखित तिथियों को वर्ष 2025-26 हेतु बाढड़ा मण्डी, झोझू कलां मण्डी, बोंद कलां मण्डी, बधवाना मण्डी, चप्पार मण्डी, कादमा मण्डी, बेरला मण्डी हेतु श्रम एवं दुलाई कार्य तथा कादमा मण्डी, बेरला मण्डी और बधवाना हेतु परिवहन कार्य के लिए पुनः ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा जारी / आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना और दस्तावेज की जांच | वित्तीय बोली का खुलना और नेगोसिएशन एवं अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवहन | 28-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 31-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 31-03-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | डीएलटीसी निर्णय के अनुरूप | डीएफएससी कार्यालय, चरखी दादरी |
| श्रम एवं दुलाई | 28-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 31-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 31-03-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | डीएलटीसी निर्णय के अनुरूप | डीएफएससी कार्यालय, चरखी दादरी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात http://etenders.hry.nic.in, http://haryanafood.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी, जिला प्रबंधक, हैफेड और अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के एचडब्ल्यूसी से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2024-25 हेतु रबी और खरीद के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हरवीर
पीआरडीएच-1042/11/105/2025/33391/88/6 दि. 28.03.25
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5819




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 5818 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| या | ह | | | म | | रा | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |





### नवरात्र से पहले वैष्णो देवी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से हो रही निगरानी कठुआ एनकाउंटर के बाद सतर्कता और बढ़ाई

**जम्मू(एजेंसी)।** नवरात्र में माता वैष्णो देवी श्राइन में किसी प्रकार की भी अनचाही घटना से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से निगरानी की जा रही है। चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इन दिनों बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। कठुआ में हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों के एनकाउंटर के बाद और भी सतर्कता बढ़ गई है। कटड़ा, पवित्र गुफा के बेसकैंप का ऑडिट करते हुए रईसी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी भक्तों को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी। हमने कटड़ा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं।

**30 मार्च से शुरू हो रहा है चैत्र नवरात्र**

**'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार**

#### 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए

डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रईस मोहम्मद भट ने बताया कि मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सीआरपीएफ की कड़ी नजर है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा मार्ग पर उन्नत एआई क्षमताओं से लैस 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्री माता वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि लगभग 40,000 तीर्थयात्री प्रतिदिन माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं, सप्ताहांत में यह संख्या और भी बढ़ जाती है।

#### अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम क्षेत्र

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले त्यौहार के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए नए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और अधिक सुविधाओं की व्यवस्था की है। अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र बनाया गया है। इस क्षेत्र में वाटर एटीएम, प्रसाद कियोस्क, जलपान इकाई और 'गर्भजून आरती' का सीधा प्रसारण होगा। बोर्ड ने कहा कि इसके अलावा, दो मंजिला कतार परिसर के साथ पुनर्निर्मित 'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है।

---

### पति ने की आत्महत्या की कोशिश

## पत्नी की हत्या कर शव को सूटकेस में ठूंस दिया



◆ आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

बेंगलुरू में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की पहले हत्या की और फिर उसके शव को सूटकेस में ठूंसकर फरार हो गया। फ्लैट में ताला लगाकर पुणे भाग गया। काफी मशक्कत के बाद आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया है और मामले में जांच की जा रही है। बंगलूरू में एक सूटकेस में मिली 32 वर्षीय महिला के पति को मुख्य संदिग्ध मानकर पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस का कहना है कि उसने आत्महत्या का प्रयास किया था और फिलहाल पुणे में उसका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान गौरी खेडेकर के रूप में हुई है।

**पत्नी मास मीडिया की स्नातक थी**

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बेंगलुरू के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि हमारी टीम ने पुणे पुलिस से संपर्क कर लिया है। हत्या के पीछे वैवाहिक विवाद बताया जा रहा है। डोड्डाकम्मनहल्ली में एक फ्लैट में एक महिला की लाश सूटकेस में मिली थी। दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त सारा फातिमा ने बताया कि महिला और उसका पति बीते महीने बंगलुरू शिफ्ट हुए थे। उन्होंने बताया कि गौरी ने मास मीडिया में स्नातक की पढ़ाई की थी। वहीं उसका पति एक निजी फर्म में काम करता है। इस समय वह वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। ये मामला तब सामने आया, जब मकान मालिक ने शाम करीब 5.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

**पत्नी की हत्या के बाद किया सास-ससुर को फोन**

*हत्या को आंजाम देने के बाद आरोपी पति राकेश राजेंद्र ने अपने सास-ससुर को भी फोन किया था और फोन पर उन्हें बताया था कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और उसका शव सूटकेस में है।*

---

### 7 मिनट लेट हो गया था कैब ड्राइवर, इसलिए किया हंगामा

## महिला ने चालक के मुंह पर थूका और की गाली-गलौज

**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर वायरल हो रहे दोक वीडियो में अलग-अलग महिलाओं को कैब ड्राइवरों से बदतमीजी करते हुए देखा गया। एक महिला ने तो हद ही पार कर दी। गाली-गलौज के बाद ड्राइवर के मुंह पर थूक दिया। वीडियो में दिखाया गया है कि एक महिला कैब की पिछली सीट पर बैठते ही ड्राइवर पर बरस पड़ती है। इसका कारण केवल यह था कि वह ड्राइवर 7 मिनट लेट था। महिला पहले तो नाराजगी जाहिर करती है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी भाषा गाली में तब्दील होने लगती है। वीडियो में दिखाया गया है कि वह महिला कहती हैं जब हम लेट होते हैं तो तुम हर मिनट के दो रुपए काट लेते हो, लेकिन जब तुम लेट होते हो तो कुछ नहीं? ड्राइवर ने समझाने की कोशिश की कि ट्रैफिक की वजह से देर हुई, लेकिन महिला ने एक नहीं सुनी। ताने मारते हुए बोली कि तू तो पूरी जिंदगी ड्राइवरी करेगा, अपने बच्चों को भी ड्राइवर बना देना।

### बागेश्वर धाम दरबार में लगाई दारोगा ने अपनी अर्जी

## ड्यूटी छोड़ दर्शन को पहुंचे तो एसपी बोले-स्टेज से उतारो सस्पेंड कर दूंगा

**मेरठ।** जागृति विहार एक्सटेंशन में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सिविल लाइंस में तैनात दारोगा वीरपाल की भी दरबार में अर्जी लगा दी। वीरपाल भी भीड़ के बीच से ड्यूटी छोड़कर स्टेज पर पहुंच गया। उसके बाद अफसरों को मामले की जानकारी मिली। एसपी सिटी आयुष विक्रम ने वीरपाल को स्टेज पर भीड़ के बीच बैठा देखकर तत्काल सीओ सिविल लाइंस को कहा कि उसे स्टेज से उतारो। वरना उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करनी पड़ेगी। तत्काल ही आयोजक से बताया गया कि दारोगा को स्टेज ने नीचे लेकर आओ। आयोजक बीरपाल को स्टेज से नीचे लेकर आए। तक सीओ ने उसे समझाकर वहां से ड्यूटी पॉइंट पर भेज दिया। हहिंदू राष्ट्र की जय, बागेश्वर धाम की जय, बाबा औघड़नाथ की जय, बिल्वेश्वर की जय, मनसा देवी की जय, पंचमुखी हनुमान की जय के जयकारे लगवाए। शास्त्री ने कहा कि मेरठ की क्रांतिधरा पर हनुमान जी की महिमा का गुणगान चल रहा रहा है।

---




---

## काली पट्टी बांधने पर दो पक्ष भिड़े



» *विधायक रामेश्वर बोले-मुसलमानों के नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द हो रहा।*

**वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ी गई नमाज**

**भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। ये सभी रमजान के आखिरी शुक्रवार जुमे की नमाज में शामिल हुए। इस मौके पर काजी सैयद अनस अली ने कहा कि बिल के जरिए हमारी संपत्तियां हड़पना चाहते हैं। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुसलमानों के नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द हो रहा। वक्फ की जमीन से दो-चार परिवारों का ही पेट पल रहा है। इससे काम नहीं चलेगा। भोपाल, इंदौर के अलावा नर्मदापुरम में भी मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। रायसेन में काली पट्टी बांधने को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे पर हथियारों से हमला कर दिया। इसमें 4 लोग घायल हो गए। बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध प्रदर्शन की अपील की थी। बोर्ड ने कहा था कि अगर ये बिल पारित हो गया तो मस्जिद, दरगाह, मदरसे, कब्रिस्तान और कई अन्य संस्थान उनके हाथ से चले जाएंगे।

---

## आज दोपहर 2:21 पर शुरू होगा साल का पहला 'सूर्य ग्रहण'

**भारत में नहीं दिखेगा ग्रहण, सूतक काल मान्य नहीं**

**नई दिल्ली।** 29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जिसके कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा। मूल रूप से ये ग्रहण दक्षिण अमेरिका, आंशिक उत्तरी अमेरिका, उत्तरी एशिया, उत्तर-पश्चिम अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी ध्रुव, आर्कटिक महासागर और अटलांटिक महासागर आदि जगहों पर दिखाई देगा। भारतीय समय के अनुसार, 29 मार्च को दोपहर 2:21 से शुरू होगा और शाम 6:14 तक रहेगा। इस ग्रहण की कुल अवधि करीब 3 घंटे 53 मिनट तक होगी। ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा, जिससे सूतक काल मान्य नहीं होगा। लेकिन मानव जीवन पर इसका काफी असर देखने को मिलने वाला है।

आमचो बस्तर

# ऐसा जादू है मेरे बस्तर में...

चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से 37 किमी और रायपुर से 290 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भारत का नियाग्रा के नाम से ख्यात यह भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है। बरसात के मौसम में यह 300 मीटर तक फैल जाता है और यहाँ से बहुत सारे झरने बहते हैं।

SCAN QR

चित्रकोट वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती और भव्यता का अनुभव करने के लिए स्कैन करें



### धुड़मारास

धुड़मारास गांव बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इसका चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। यहाँ की विशेषता अदभुत आदिवासी जीवनशैली और पारंपरिक व्यंजन है। यह गांव प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध है।



### बस्तर दशहरा

रावण वध की प्राचीन परंपरा से अलग हटकर बस्तर का दशहरा राजवंशीय संस्कृति एवं लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बस्तर दशहरा 75 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी ख्याति देश-विदेश में है। बस्तर दशहरे का इतिहास 500 वर्षों का है।




### कुटुमसर गुफा

यह भारत की सबसे लंबी भूमिगत और दुनिया की दूसरी सबसे लंबी प्राकृतिक गुफा है। यह ज़मीन से 35 मीटर नीचे है और इसकी लंबाई लगभग 1370 मीटर है। स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट की संरचनाएँ इस गुफा को आकर्षक बनाती हैं। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गुफा के अंदर अंधी मछलियाँ पाई जाती हैं।



### इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 2,799.08 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान राज्य के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है। साथ ही यह लुप्तप्राय जंगली भैंसों का एक महत्वपूर्ण पर्यावास है। इस क्षेत्र को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व का दर्जा मिला।



### रॉक क्लाइम्बिंग

छत्तीसगढ़ पर्वतारोहण पहल राज्य की साहसिक खेलों की संभावनाओं को उजागर करती है, तथा झरनों, गुफाओं और हरियाली के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्य के बीच एक जीवंत पर्वतारोहण समुदाय को बढ़ावा देती है।



### रामाराम

छत्तीसगढ़ का पहला रॉकगार्डन सुकमा जिले के रामाराम में स्थित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान यहाँ माता चिटमिट्टिन की पूजा की थी। यहाँ प्राचीन चिटमिट्टिन माता मंदिर के पास ही रॉक गार्डन स्थित है। इस रॉक गार्डन में स्थित गुफा में भगवान राम के जीवन का सचित्र चित्रण किया गया है।



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



हाथी 3 मील दूर से भी पानी की गंध को सूंघने की क्षमता रखता है।



चमगादड़ एक ऐसा स्तनधारी है जो उड़ भी सकता है।

# अच्छा वेतन और सम्मान चाहते हैं तो बनें विज्ञान के अध्यापक



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

राज्य सरकार और केंद्र सरकार समय-समय पर साइंस टीचर के भर्ती की घोषणा की जाती है। राज्य और केंद्र स्तर पर संचालित स्कूलों के लिए हर वर्ष साइंस टीचर की भर्ती का आयोजन होता है। आप उस भर्ती के लिए आवेदन करके साइंस टीचर बन सकते हैं। एक सरकारी साइंस टीचर बनने के बाद आप एक बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। क्योंकि यहां पर अच्छा वेतन और काफी सम्मान मिलता है जबकि प्राइवेट संस्थान ज्वाइन करके भी आप अच्छा वेतन और सम्मान पा सकते हैं। इसके अलावा आप चाहे तो अपना खुद का कोचिंग सेंटर खोल सकते हैं या दूसरे कोचिंग सेंटर में नौकरी की तरह काम भी कर सकते हैं।

## विज्ञान विषय को पढ़ाना होगा

विज्ञान पढ़ाने वाला अध्यापक साइंस टीचर होता है। इस अध्यापक का काम विज्ञान विषय को छात्रों को पढ़ाना होता है। पाठ्यक्रम में निर्धारित किया गया विज्ञान का ज्ञान छात्रों को देना होता है। विज्ञान के तहत आने वाले आविष्कार और प्रयोगों के बारे में बताता है प्रयोग सिद्ध करके बताता है और विज्ञान की जर्नी तथा विज्ञान में आगे बढ़ने के रंग रूप समझाता है। साइंस टीचर आपको छोटे स्कूलों से लेकर बड़े-बड़े कॉलेज स्कूल और शिक्षण संस्थान में देखने को मिल जाते हैं। अगर आपका विज्ञान विषय में रुचि है तो आप साइंस टीचर बन सकते हैं। विज्ञान का विषय बहुत ही स्कोप वाला विषय है अगर आप विज्ञान के क्षेत्र में टीचर बनते हैं तो आपको देश और दुनिया भर के अनेक सारे स्कूल कॉलेज और शिक्षण संस्थान में नौकरियां मिल जाती है। आप अपना खुद का अलग से एक विज्ञान स्कूल भी खोल सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी विज्ञान के प्रति रुचि होनी चाहिए और विज्ञान को बारीकी से समझने की भी जरूरत होती है। आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विज्ञान में पढ़ाई कर सकते हैं। 12वीं कक्षा में आप विज्ञान विषय का चयन करके आगे की पढ़ाई भी विज्ञान में करें। ग्रेजुएशन करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान से अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हो जाते हैं।

## ऐसे बनें

साइंस टीचर बनने के लिए साइंस स्ट्रीम में अच्छी तरह से अध्ययन करने की आवश्यक है। साइंस विषय में अच्छी दक्षता प्राप्त करने के साथ-साथ टीचर ट्रेनिंग कोर्स तथा साइंस में डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त करके साइंस टीचर बन सकते हैं। अगर आप शुरुआत से ही साइंस के प्रति सजग हो जाते हैं तो इस विषय में आगे बढ़ना आपके लिए काफी आसान हो जाता है इसीलिए आपको कक्षा 10 के बाद विज्ञान संकाय का चुनाव करना चाहिए 11वीं कक्षा में प्रवेश लेते समय आपको विज्ञान संकाय के विषय का चुनाव करके उसमें अध्ययन करना चाहिए। इसमें भौतिक विज्ञान , रसायन विज्ञान , गणित , जीवविज्ञान आदि विषय शामिल है।

### 12वीं के बाद अच्छी तैयारी करें

अगर आप और 12वीं क्लास पास करने के बाद साइंस टीचर बनना चाहते हैं। तो इसके लिए आपको बीएससी विज्ञान विषय के साथ करना होगा बीएससी में विज्ञान वर्ग से कोई भी 3 विषय का चयन कर सकते हैं जिसमें वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान शामिल है। इसमें से आप किसी भी एक विषय का चयन करके बीएससी कंप्लीट कर सकते हैं। अगर आप विज्ञान के इन विषय में अच्छा अध्ययन करेंगे तो बीएससी करने के बाद शिक्षण प्रशिक्षण डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आपके लिए काफी आसान हो जाएगा क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षण प्रशिक्षण की डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत की अनिवार्यता लागू की गई है।

## करना होगा ट्रेनिंग कोर्स

साइंस में बीएससी पूरा करने के बाद साइंस टीचर बनने के लिए टीचर ट्रेनिंग कोर्स करना होगा। यह टीचर ट्रेनिंग कोर्स स्नातक स्तरीय होना चाहिए जैसे बीएड यानी कि बैचलर ऑफ एजुकेशन कोर्स को करने के लिए 2 वर्ष की समय अवधि निर्धारित की गई है यह कोर्स किसी भी राज्य सरकार या भारत सरकार से संबंधित विश्वविद्यालय एवं एनसीटीई से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। बीएससी और बीएड या उसके समकक्ष कोई अन्य अध्यापक प्रशिक्षण डिग्री पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद आप साइंस टीचर बनने के योग्य हो जाते हैं।

### उत्तीर्ण करनी होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा

अब भी आपको सरकारी विद्यालय में साइंस टीचर बनाने के लिए आवेदन करने हेतु एक और चरण से गुजरना होगा और वह चरण हैं अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना। देश के विभिन्न राज्यों द्वारा अध्यापक पात्रता परीक्षा का समय-समय पर आयोजन करवाया जाता है संबंधित भर्तियों के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा के तहत आवेदन करके आपको उस परीक्षा को पास करना होगा।

### कितने तरह के होते साइंस टीचर

**प्राथमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान अध्यापकः** कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को तृतीय श्रेणी अध्यापक यानी थर्ड ग्रेड टीचर कहा जाता है। थर्ड ग्रेड साइंस टीचर बनने के लिए विज्ञान विषय के साथ बीएसएससी एवं बीएड तथा अध्यापक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी।

**माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान टीचर** : कक्षा 9 से लेकर कक्षा 10 को माध्यमिक विद्यालय कहते हैं इस श्रेणी को द्वितीय श्रेणी ग्रेड टीचर या फिर वरिष्ठ अध्यापक भी कहते हैं। इस श्रेणी के अंतर्गत विज्ञान विषय के अध्यापक बनने के लिए आपको विज्ञान विषय में ग्रेजुएशन एवं बीएड करना होगा। इसके अलावा अध्यापक पात्रता परीक्षा पास करने के बाद आप एक ट्रेंड ग्रेजुएट टीचरी बन जाएंगे जोकि सेकंड ग्रेड अध्यापक ही होता है।

**उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान टीचर** : जिस स्कूल में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है इसे प्रथम श्रेणी का अध्यापक या फर्स्ट ग्रेड टीचर कहा जाता है।

### यह एक 2डी और 3डी कंप्यूटर एडेड ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन

# इंजीनियरिंग योजनाओं के ब्लूप्रिंट बनाने में ऑटोकैड मददगार, करियर का अच्छा विकल्प

### पहली बार दिसंबर 1982 में लॉन्च हुआ

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

एक्या आप जानते हैं ऑटोकैड क्या है? कैसे सीखें और इसका उपयोग कहां होता है? यदि आपकी शैक्षिक पृष्ठभूमि इंजीनियरिंग है तो आपने ऑटोकैड के बारे में अवश्य सुना होगा। वैसे ऑटोकैड का फुल फॉर्म एक कंप्यूटर एडिड डिजाइन सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जिसका उपयोग इमारतों, पुलों, कंप्यूटर चिप आदि जैसी कई चीजों के ब्लूप्रिंट बनाने के लिए किया जाता है। यह एक 2डी और 3डी कंप्यूटर-एडेड ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है जिसका उपयोग विशेष रूप से वास्तुकला, निर्माण और विनिर्माण के लिए इंजीनियरिंग योजनाओं के ब्लूप्रिंट तैयार करने के लिए किया जाता है। ऑटोकैड का पूरा नाम ऑटोमैटिक कंप्यूटर-एडेड डिज़ाइन है। इसका मूल फाइल स्वरूप डीडब्ल्यूजी है। यह एक सॉफ्टवेयर है जिसका उपयोग मुख्य रूप से बिल्डिंग प्लान, वास्तुशिल्प डिजाइन, निर्माण और विनिर्माण के लिए इंजीनियरिंग योजनाएं बनाने के लिए किया जाता है। इसे प्रारूपण आवेदन भी कहा जाता है। इस सॉफ़्टवेयर का विकास और विपणन ऑटोडेस्क द्वारा ही किया गया था। ऑटोकैड को पहली बार दिसंबर 1982 में एक डेस्कटॉप ऐप के रूप में जारी किया गया था।

### कैसे सीखें ऑटोकैड 2023

वैसे तो आज के समय में कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि हमारे और आपके पास हर समय इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन कुछ कोर्स ऐसे भी होते हैं जिन्हें खुद से सीखना बहुत मुश्किल होता है। ऑटोकैड एक ऐसा कोर्स है जिसमें महारत हासिल करने के लिए आपको किसी अच्छे ऑटोकैड सेंटर से क्लास लेनी होगी। लेकिन ऐसा नहीं है कि अगर आप इंस्टीट्यूट नहीं जाएंगे तो आप इसे नहीं सीख पाएंगे, आप इसे यूट्यूब वीडियो देखकर भी सीख सकते हैं। मेरा मानना है कि जो व्यक्ति खुद से सीखता है यानी खुद का उपयोग करता है उससे बेहतर कोई नहीं सीख सकता, वह इसमें कई बार असफल होता है, लेकिन जब उसे सफलता मिल जाती है तो वह जीवन भर उस कदम को याद रखता है। इस तरह वह सीख सकता है और इस विषय में जीनियस बन सकता है क्योंकि वह इसका बार-बार उपयोग करता है। यह थ्योरी से ज्यादा प्रैक्टिकल नॉलेज पर निर्भर करता है इसीलिए इसे यूट्यूब की मदद से सीखा जा सकता है क्योंकि यूट्यूब वीडियो में हम हर स्टेप को वीडियो के माध्यम से देखते हैं। इसलिए इस तरह से सीखना बहुत फायदेमंद होता है।





### ऑटोकैड के लिए सर्वश्रेष्ठ कंप्यूटर

कंप्यूटर से ऑटोकैड के लिए कैसे तैयार हों? उस समय, वे माइक्रो कंप्यूटर में चलाए जाते थे जिनमें आंतरिक ग्राफिक्स नियंत्रक होते थे। ऑटोकैड की शुरुआत से पहले, अधिकांश व्यावसायिक सीएडी प्रोग्राम मेनफ्रेम कंप्यूटर या मिनी कंप्यूटर पर चलाए जाते थे। इसमें प्रत्येक कैड ऑपरेटर (उपयोगकर्ता) एक अलग ग्राफिक्स टर्मिनल में काम करता था। ऑटोकैड को भी 2010 से मोबाइल और वेब ऐप के हिसाब से जारी किया गया जो लोगों के बीच ऑटोकैड 360 के नाम से जाना जाने लगा। जो पेशेवर ऑटोकैड का इस्तेमाल करते हैं उन्हें ड्राफ्टर्स कहा जाता है। न केवल ऑटोकैड बल्कि ऑटोडेस्क के अंतर्गत आने वाले सभी सॉफ्टवेयर संसाधन-गहन हैं और इसलिए उन्हें चलाने के लिए एक शक्तिशाली कंप्यूटर की आवश्यकता होती है। क्योंकि ऑटोकैड में कई चीजें संभालनी होती हैं जैसे सभी 3डी मॉडलिंग, सिविल और आर्किटेक्चरल कार्य आदि। ऐसे में इन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए एक बेहतर कंप्यूटर सिस्टम का होना बहुत जरूरी है। जहां सामान्य उपयोगकर्ताओं और इंजीनियरों को कैड चलाने के लिए न्यूनतम कंप्यूटर विशिष्टताओं की आवश्यकता होती है, वहीं यदि आप मल्टीटास्किंग करते हैं, तो आपको एक हाई-एंड पीसी की आवश्यकता होती है। इससे आपको बहुत ही सीमलेस और लैग-फ्री परफॉर्मेंस मिल सकती है और आपकी प्रोडक्टिविटी भी बढ़ जाएगी। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ सिस्टम के बारे में जो आपकी काफी मदद कर सकते हैं।

### कुछ प्रवेश स्तर की नौकरियां

| | |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग ऑटोकैड | ऑटोकैड प्रबंधक |
| आर्किटेक्चर ड्राफ्टर | प्रो मैकबुक 15-इंच टचबार उपलब्ध है |
| मानचित्र 3डी मॉडलिंग | रेज़र ब्लेड्स |
| इंटीरियर डिज़ाइन ऑटोकैड | ज़ेडबुक एचपी 17 जी3 |
| यांत्रिक ड्राफ्टर | स्पेक्टर एचपी प्रो 13 जी1 |
| 3डी ऑटोकैड प्लांट करें | ज़ेडबुक एचपी स्टूडियो जी3 |
| कंप्यूटर डिज़ाइन तकनीशियन | लेनोवो थिक पैड पी70 |
| 3डी मॉडलिंग प्रबंधक | लेनोवो थिक पैड पी40 योगा |
| वास्तुकला परियोजना समन्वयक | एमएसआई डब्ल्यूटी72 6क्यूके |

### ऑटोकैड महत्वपूर्ण विवरण भरें

- सबसे पहले किसी पॉलिटेक्निक का नाम भरें
- अगले चरण में आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन भी चुनें
- अब आपको चालू माह का चयन करना होगा और अगले विकल्प में 3 वर्षों के महीनों का चयन करके नेक्स्ट बटन पर क्लिक करना होगा।
- उत्पाद पृष्ठ में, आपको अपने उत्पाद का संस्करण चुनना होगा
- और अब आपको विंडो 64बिट और भाषा का भी चयन करना होगा
- अब आपको इसके नीचे सीरियल नंबर और प्रोडक्ट की दिखाई देगी, इसे याद रखें या कहीं लिख लें। इससे ही सॉफ्टवेयर सक्रिय हो जाएगा। आगे आप पेज को नीचे स्क्रॉल करेंगे तो वहां इंस्टाल नाउ का बटन होगा, साथ ही एक डाउस एरो भी होगा, उस पर क्लिक करें।

### पाठ्यक्रम सूची

**यहां ऑटोकैड सीखने के लिए एक कोर्स सूची दी गई है जो आपको सर्वोत्तम कोर्स और समय अवधि चुनने में मदद करेगी**

| पाठ्यक्रम सूची | कार्यक्रमों के प्रकार | समय अवधि |
|---|---|---|
| बेसिक ऑटोकैड | सर्टिफिकेट प्रोग्राम | 2 महीने |
| एडवांस कोर्स | सर्टिफिकेट प्रोग्राम | 3 महीने |
| उन्नत ऑटोकैड | सर्टिफिकेट प्रोग्राम | 3 महीने |
| ऑटोकैड में डिप्लोमा | ग्रेजुएशन डिप्लोमा प्रोग्राम | 2 महीने |
| आर्किटेक्चरल कैड में डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम | 2 महीने |

### विषय के नाम

**1. ऑटोकैड इंटरफ़ेसः-**
पूरी तरह से परिभाषित स्केच और ब्लॉक
स्मार्ट आयाम जानें
मोड़ना और खोलना, काटना, मोहर लगाना भी
ज्यामिति रचनाएं और संशोधन
आइसोमेट्रिक्स दृश्य परिवर्तन उपकरण और तार फ्रेम

**2. स्केच उपकरण और संस्थाएं**
परिचय झुकना, दीवारें और फ्रेंजेस
स्केच विश्लेषण और विज़ुअलाइज़ेशन
3डी स्केच और बूलियन ऑपरेशंस
आयाम एवं शैलियां
पैरामीट्रिक प्रारूपण और पूछताछ उपकरण
पाठ और रचनाएँ संपादित करना

**3. ब्लॉक, डब्ल्यू-ब्लॉक, एक्स-ब्लॉक और एक्स-आरईएफ**
कोई भी ड्राफ्ट सेटिंग
डिज़ाइन सेंटर और टूल पैलेट सीखें
ठोस संपादन एवं 3डी भाग
बूलियन ऑपरेशंस और यूसीएस
सतह निर्माण एवं संशोधन उपकरण
डिज़ाइन तालिका, समीकरण
ज्यामिति और आयाम आदि

### ऑटोकैड कोर्स के बाद नौकरी का क्षेत्र

ऑटोकैड एक बहुत ही नौकरी-उन्मुख पाठ्यक्रम है और डिजाइन के क्षेत्र में नौकरी के बेहतरीन अवसर खोलता है। हालांकि इसका पाठ्यक्रम काफी छोटा है, लेकिन इससे उम्मीदवारों को सिविल इंजीनियरिंग आर्किटेक्चर और डिजाइनिंग क्षेत्र में उच्च वेतन पैकेज मिलने की संभावना बढ़ जाती है। सिविल इंजीनियरिंग के साथ इस कोर्स के सिलेबस में आवेदन करने के बाद कुछ ऐसी नौकरियां हो सकती हैं। जब कोई सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक करता है और उसके साथ यह कोर्स भी करता है तो उसकी सैलरी 3 लाख से ₹8 लाख तक हो सकती है और यह बीटेक के योग और उसके कौशल पर भी निर्भर करता है। जो लोग सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करते हैं और यह कोर्स करते हैं उनकी सैलरी ₹5 लाख तक हो सकती है। सबसे अच्छी सैलरी आईआईटी के छात्रों के साथ-साथ उन उम्मीदवारों को दी जाती है जिनके पास 2 से 3 साल का अनुभव है।

# ग्रॉक, डीपसीक और चैप जीपीटी छात्रों को बड़े लक्ष्य हासिल करने में मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ग्रॉक, डीपसीक और चैपी जीपीटी जैसे टूल्स न केवल छात्रों की पढ़ाई को आसान बनाते हैं, बल्कि उन्हें बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित करने में भी मदद करते हैं। ये टूल्स छात्रों को रचनात्मकता, समस्या-समाधान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मौका देते हैं। आइए जानें कि इनका सही उपयोग कैसे छात्रों को प्रेरणा दे सकता है और उन्हें अपने सपनों को सच करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। ग्रॉक, जो एक्स एआई द्वारा विकसित किया गया है, छात्रों को गहरी सोच और तर्क करने की क्षमता प्रदान करता है। इसका "डीपसर्च" फीचर छात्रों को किसी भी विषय पर नवीनतम जानकारी और विस्तृत विश्लेषण दे सकता है।

### जटिल समस्याओं को कर सकते हैं हल

उदाहरण के लिए, अगर कोई छात्र विज्ञान में बड़ा शोध करना चाहता है, तो ग्रॉक उसे विभिन्न स्रोतों से डेटा इकट्ठा करने, उसका विश्लेषण करने और नए विचारों को खोजने में मदद कर सकता है। यह छात्रों को यह विश्वास दिलाता है कि वे जटिल समस्याओं को हल कर सकते हैं और बड़े सपनों की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

**प्रेरणा का तरीका:** ग्रॉक से पूछें, "मैं कैसे अंतरिक्ष अनुसंधान में योगदान दे सकता हूँ?" यह न केवल जानकारी देगा, बल्कि छात्र को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि वह खुद इस क्षेत्र में बदलाव ला सकता है।

**डीपसीक:** समस्या-समाधान की शक्ति डीपसीक एक ऐसा एआई मॉडल है जो गणित, कोडिंग और तर्क-आधारित सवालों को हल करने में माहिर है। यह छात्रों को कठिन समस्याओं को चरण-दर-चरण समझने और हल करने में मदद करता है। जब छात्र देखते हैं कि वे जटिल गणितीय समस्याओं या प्रोग्रामिंग चुनौतियों को पार कर सकते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आत्मविश्वास उन्हें बड़े लक्ष्यों-जैसे इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स या तकनीकी नवाचार-के लिए प्रेरित करता है।

**प्रेरणा का तरीका:** डीपसीक का उपयोग करके एक कठिन गणितीय समस्या हल करें और फिर छात्र से कहें, "अगर तुम यह कर सकते हो, तो सोचो कि तुम भविष्य में क्या-क्या हासिल कर सकते हो!" यह उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### रचनात्मकता व व्यक्तिगत मार्गदर्शन

**चैट जीपीटी** : चैट जीपीटी अपनी बातचीत करने की क्षमता और रचनात्मक सुझावों के लिए जाना जाता है। यह छात्रों को निबंध लिखने, कहानियाँ बनाने, या यहाँ तक कि उनके करियर के लक्ष्यों को योजना बनाने में मदद कर सकता है। जब छात्र अपनी कल्पनाओं को शब्दों में ढालते हैं और चैट जीपीटी से व्यक्तिगत सलाह लेते हैं, तो वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित होते हैं।

**प्रेरणा का तरीका:** चैट जीपीटी से कहें, "मुझे एक प्रेरक भाषण लिखने में मदद करो जो मेरे दोस्तों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करे।" इससे न केवल छात्र की रचनात्मकता बढ़ेगी, बल्कि वह दूसरों को भी प्रेरित करने की शक्ति महसूस करेगा।

**इन टूल्स का सही उपयोग कैसे करें?**

**सहायक के रूप में उपयोग करें:** इन एआई टूल्स को अपने शिक्षक या गाइड की तरह देखें, जो आपको रास्ता दिखाते हैं, न कि आपकी जगह काम करते हैं। उदाहरण के लिए, ग्रॉक से जानकारी लें, डीपसीक से समाधान सीखें, और चैट जीपीटी से अपने विचारों को निखारें।

**लक्ष्य निर्धारित करें:** अपने बड़े सपनों को छोटे-छोटे लक्ष्यों में बाँटें और इन टूल्स से हर कदम पर मदद लें। जैसे, "मैं एक ऐप बनाना चाहता हूं, कहने के बजाय, डीपसीक से कोडिंग सीखें और ग्रॉक से बाजार के रुझानों को समझें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जंतुओं में होने वाली 'फूट एंड माउथ' रोग किसके कारण उत्पन्न होता है ?
(ए) जीवाणु
(बी) कवक
(सी) प्रोटोजोआ
(डी) विषाणु

**2.** आलू में मोजेक रोग का कारक तत्व है -
(ए) विषाणु
(बी) जीवाणु
(सी) फफूंदी
(डी) शैवाल

**3.** वनस्पति विज्ञान की वह शाखा जिसमे जिसमे शैवालों का अध्ययन किया जाता है, कहलाता है -
(ए) वर्गिकी
(बी) माईकोलॉजी
(सी) सूक्ष्मजैविकी
(डी) फाईकोलॉजी

**4.** शैवालों की कोशिका भित्ति किसकी बनी होती है ?
(ए) काईटिन
(बी) सुबेरिन
(सी) सेल्यूलोज
(डी) क्यूटिन

**5.** हाईड्रा की स्त्रावी कोशिकाओं में कौन-सा सहजीवी शैवाल मिलता है ?
(ए) युक्लोरैला
(बी) नोस्टोक
(सी) युलोथ्रिक्स
(डी) स्पाईरोगाईरा

**6.** सरगासो समुद्र का नाम पड़ा -
(ए) कवकों के कारण
(बी) आवृतबिजीयों के कारण
(सी) शैवालों के कारण
(डी) ब्रायोफाईटा के कारण

**7.** गलगंड रोग से बचा जा सकता है और कुछ समुद्री खरपतवार खाने से इसका इलाज होता है, क्यूंकि इसमें प्रचूर माता में होता है -
(ए) सल्फर
(बी) आयोडीन
(सी) कैलिशियम
(डी) फास्फोरस

**8.** किस शैवाल से आयोडीन प्राप्त होती है ?
(ए) एक्टोकार्पस
(बी) लैमिनेरिया
(सी) ओडोगोनियम
(डी) युलोथ्रिक्स

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी)



# आईपीएलः पंड्या की वापसी से मुंबई मजबूत, सिराज की लय से गुजरात चिंतित

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीगटी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया।



### पंड्या आलराउंडर खिलाड़ी

पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा। मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे।

### फार्म में नहीं सिराज

बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा। वह पिछले कुछ समय से लय में नहीं है और पंजाब के खिलाफ उन्होंने 54 रन लुटा दिए। प्रसिद्ध कृष्णा भी इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों की कमी है और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए यह चिंता की बात होगी। कैगिसो रबाडा और राशिद खान जैसे दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों पर रन रोकने के साथ-साथ विकेट लेने का दबाव पर बहुत अधिक है।



### सूर्या और रोहित फेल

मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी जबकि जरूरत पड़ने पर वह नई गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत भी कर सकते है। मुंबई इंडियंस की एक और समस्या विकेटकीपर बल्लेबाज की है। टीम रयान रिकलेटन पर बहुत अधिक निर्भर है क्योंकि रॉबिन मिंज के पास इस स्तर के क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नहीं है।

### पिच बल्लेबाजी के अनुकूल

मुंबई को हालांकि शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल दिखी है। इस मैदान पर पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) के बीच खेले गए पिछले मैच में 475 रन बने थे।

एशियाई चैम्पियनशिप

# हरियाणा की मनीषा को पहला गोल्ड, अंतिम ने जीता कांस्य



■ मनीषा ने 62 किग्रा में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराया

भाषा ▶▶| अम्मान (जॉर्डन)

अनुभवी भारतीय पहलवान हरियाणा की मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैम्पियनशिप में 2021 के बाद भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया, जबकि अंतिम पंघाल को कांस्य से संतोष करना पड़ा। मनीषा ने महिलाओं की 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से मात दी। इससे पहले उन्होंने कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता से आसान जीत के साथ शुरुआत की और कोरिया की हनबिट ली को चित्त करके एक और शानदार जीत हासिल की। मनीषा ने सेमीफाइनल में कलमीरा बिलिमबेक काजी के खिलाफ भी दबदबा बनाते हुए केवल एक अंक गंवाते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। भारत को 2021 में अलमाटी में हुई चैम्पियनशिप में विनेश फोगाट और सरिता मोर ने पीला तमगा दिलाया था।

### अंतिम भी छाई



पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक अभियान के बाद 20 साल की अंतिम अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थी। उन्होंने 53 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को शिकस्त दी लेकिन जापान की मो कियूका के की चुनौती का सामना करने में नाकाम रही। जापान की पहलवान ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की। कांस्य पदक के प्लेआफ में उन्होंने ताइपै की मेंग एच सियेह को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

**अब तक 8 पदक जीते**

नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) पदक दौर तक नहीं पहुंच सकीं। भारत ने अब तक टूर्नामेंट ग्रीको रोमन में दो पदक समेत एक स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य जीते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप



#### गुरिंदर ने 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरु।** गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरविंदर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था। रिलायंस के ही होबलीधर 10.22 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

#### बीसीसीआई को नए स्पिन गेंदबाजी कोच की तलाश

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को साईराज बहुतुले की जगह जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलेगा। बहुतुले ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। 'सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह अब बेंगलुरु में नए स्थल पर स्थानांतरित हो गया है। यह पद बहुतुले के जाने के बाद से रिक्त पड़ा है और अब बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

#### बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से दी शिकस्त



**बार्सिलोना।** फेरान टोरेस और दानी ओल्मो के शुरू में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत की। कोच हांसी फ्लिक ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को मैच के अंतिम क्षणों में मैदान पर उतारा। पोलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी फर्मिन लोपेज़ के क्रॉस पर हेडर से खूबसूरत गोल किया। यह लेवांडोव्स्की का स्पेनिश लीग में वर्तमान सत्र का 23वां गोल था।इस जीत से बार्सिलोना 10 राउंड शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड से तीन अंक और एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

## 50 रन से रौंदा, पाटीदार ने खेली अर्धशतकीय पारी, बने मैन ऑफ द मैच

# 17 साल बाद आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ चेपॉक पर हराया

भाषा ▶▶| चेन्नई

कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ चेपॉक पर आईपीएल के मैच में मात देते हुए शुक्रवार को 50 रन से जीत दर्ज की।

आरसीबी के सात विकेट पर 196 रन के जवाब में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आरसीबी की 2008 में आईपीएल के पहले सत्र के बाद चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत है। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर मजबूत स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने मेजबान टीम के शुरूआती विकेट जल्दी चटकाकर दबाव बनाया जो अंत तक कायम रहा। चेन्नई के बल्लेबाज अपनी गलतियों से विकेट गंवाते चले गए जबकि क्षेत्ररक्षण में भी मेजबान टीम ने निराश किया। चेन्नई की शुरूआत काफी खराब रही और



कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खाता भी नहीं खोल सके। चेन्नई ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए। दूसरे ओवर में राहुल त्रिपाठी (पांच) ने जोश हेजलवुड को पूल शॉट खेलने के प्रयास में शॉर्ट मिडविकेट पर कैच थमाया। हेजलवुड ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। दीपक हुड्डा ने भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमाया। उस समय चेन्नई का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन था। रचिन रविंद्र और सैम कुरेन ने कोशिश की लेकिन जरूरी रनरेट लगातार बढता जा रहा था। नौवे ओवर में कुरेन ने लिविंगस्टोन की गेंद पर लांग आन में कृणाल को कैच दे दिया। दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने से रविंद्र (41) पर दबाव बढता गया और वह 13वें ओवर में यश दयाल का शिकार हुए जिन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए। दयाल ने शिवम दुबे (19) को भी रवाना किया। इसके बाद चेन्नई ने धोनी की बजाय आर अश्विन को भेजा जिस पर सभी को हैरानी हुई। आखिर में धोनी ने 16 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन बनाए और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा। पाटीदार के 51 रन और टिम डेविड के 22 रन की मदद से आरसीबी ने 7 विकेट पर 196 रन बनाए।

### केकेआर और लखनऊ का मैच छह की बजाय आठ अप्रैल को

**कोलकाता।** बीसीसीआई ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच छह अप्रैल को ईडन गार्डंस पर होने वाला आईपीएल मैच रामनवमी के कारण आठ अप्रैल को कराने का फैसला किया। मैच कोलकाता में ही होगा जबकि पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि यह मैच गुवाहाटी में कराया जा सकता है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से इस मैच के कार्यक्रम में बदलाव का अनुरोध किया था क्योंकि त्योहार के कारण शहर भर में पुलिस की भारी तैनाती होगी । इसमें कहा गया है कि अधिकारियों ने यह मैच आठ अप्रैल को 3.30 से कराने का अनुरोध किया था जिसे मान लिया गया है। अब आठ अप्रैल को दो मैच होंगे। दोपहर में केकेआर और एलएसजी का मैच जबकि शाम को न्यू चंडीगढ में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मैच खेला जायेगा।

### पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है : मार्श



**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि उन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स के अपने साथी खिलाड़ी निकोलस पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है और उन्हें खुशी है कि वेस्टइंडीज का यह आक्रामक बल्लेबाज अन्य लीग की तरह विरोधी टीम में नहीं है। पूरण लखनऊ की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आसान जीत के नायक रहे। उन्होंने केवल 26 गेंद पर 70 रन बनाए। मार्श ने 31 गेंद पर 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। मार्श ने कहा, 'पूरण की बल्लेबाजी के लिए मेरे पास एक ही शब्द है आकर्षक। मैं लंबे समय से उसके खिलाफ खेलता रहा हूं और उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है।

रॉयल्स के अशोक की कहानी

## संघर्ष करके बने नेट बॉलर और फिर पाया आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह साल पहले, राजस्थान के एक किसान का 16 वर्षीय बेटा जयपुर में एक क्रिकेट अकादमी के बाहर खड़ा यह सोच रहा था कि क्या उसके सीमित साधन उसे क्रिकेट खेलने की अनुमति दे पाएंगे, लेकिन उसकी मेहनत और लगन ने यह सब संभव कर दिखाया है। नेट बॉलर से सफर शुरू करने वाले अशोक शर्मा राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बन गए हैं।

राजस्थान के क्रिकेट इतिहास में पहली बार, राज्य के 10 क्रिकेटर आईपीएल 2025 में खेलेंगे। एक सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा। इनमें 22 वर्षीय अशोक शर्मा भी शामिल हैं। मीडियम पेसर गेंदबाज ने 2022 का सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ बिताया, हालांकि उन्हें कोई गेम नहीं मिला, और 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट बॉलर थे। अब, उन्हें आईपीएल 2025 के लिए उनकी टीम में शामिल किया गया है।

### तेंदुलकर के समान कहानी

जैसे अजीत तेंदुलकर ने अपने भाई सचिन तेंदुलकर के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैसे ही जयपुर के पास रामपुरा गांव में जन्मे अशोक इस कहानी से खुद को जोड़ सकते हैं। क्योंकि उनके बड़े भाई ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया। अशोक ने अपनी क्रिकेट जर्नी पर खुलकर बात की। अशोक ने बताया कि वह सीनियर्स से क्रिकेट किट उधार लेते थे।

### घर में रही आर्थिक तंगी

अशोक ने बताया, मेरे पिता किसान थे, इसलिए हमें हमेशा आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता था। मेरे भाई अक्षय ने मुझे छोटी उम्र में ही क्रिकेट से परिचित कराया और हम कुछ अन्य बच्चों के साथ गली क्रिकेट खेलते थे। अक्षय और हम दोनों ही क्रिकेट को अपना करियर बनाना चाहते थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण पिता केवल एक को ही कोचिंग दे सकते थे।

### इस टीमों के रह चुके हिस्सा

साल 2022 में केकेआर ने अशोक को 55 लाख रुपए में खरीदा। हालांकि, उन्हें पूरे सीजन बेंच पर ही बैठना पड़ा। उन्होंने एक बार फिर आईपीएल 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट गेंदबाज की भूमिका निभाई। इसके बाद साल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा और टीम में शामिल किया। बता दें कि 17 जून, 2002 को जन्मे अशोक अपने तीखे बाउंसर के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने 2019 में राजस्थान की अंडर-19 स्टेट टीम के हिस्से के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

### जिओ हॉटस्टार ने पार किया 10 करोड़ सब्सक्राइबर्स का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** जिओहॉटस्टार ने घोषणा की है कि इसके सब्सक्राइबर्स 100 मिलियन (10 करोड़) को पार कर गए हैं, जो भारत के स्ट्रीमिंग लैंडस्केप में एक बड़ा माइलस्टोन है। प्लेटफॉर्म इस ग्रोथ को अपने कंटेंट ऑफरिंग्स, प्राइसिंग स्ट्रैटेजीज और एक्सेसिबिलिटी के कारण मानता है। जब ये डिजनी+हॉटस्टार था, मई 2022 में इसके 50.1 मिलियन पेड सब्सक्राइबर्स थे, यानी करीब 3 साल में 50 मिलियन और जुड़े। वहीं, जिओसिनेमा और डिजनी+हॉटस्टार का कॉम्बिनेशन जिओहॉटस्टार पिछले महीने लॉन्च हुआ था। प्लेटफॉर्म ढेर सारा एंटरटेनमेंट देता है, जिसमें टीवी शोज, हॉलीवुड फिल्में, अलग-अलग भाषाओं में ओरिजिनल डिजिटल कंटेंट और रियलिटी शोज शामिल हैं। स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग ने भी जिओहॉटस्टार की सब्सक्राइबर ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म के पास आईसीसी टूर्नामेंट्स, आईपीएल और डब्लूपीएल जैसे बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स के राइट्स हैं। ये प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के साथ-साथ प्रो कबड्डी और आईएसएल जैसे डॉमेस्टिक लीग्स भी ब्रॉडकास्ट करता है।

JioHotstar

# जोकोविच खिताब से दो कदम दूर फाइनल में पहुंचे सबालेंका-पेगुला

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डंस

नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जोकोविच ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया।

सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका



ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की।

### गैरवरीय जैकब की शानदार जीत

पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। विश्व में 54वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मेन्सिक का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को तीन सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 7-5, 6-7 (9-7), 7-5 से हराया।

पेशेवर सर्किट से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मिलेगी मदद

# ओलंपिक पदक पर मुक्केबाज निशांत की नजर

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का मानना है कि शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण पेशेवर सर्किट में खेलने से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मदद मिलेगी, जो 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के उनके सपनों को पूरा करने में मददगार होगा।

पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में करीबी हार का सामना करने वाले निशांत इस खेल की ओलंपिक में बने रहने की अनिश्चितता के बीच पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ गए। एमेच्योर मुक्केबाजी में एक मुकाबला अधिकतम नौ मिनट तक चलता है जिसमें तीन-तीन मिनट के तीन राउंड



होते हैं, जबकि पेशेवर मुक्केबाजी में मुकाबले 12 राउंड तक भी चल सकते हैं। निशांत ने यहां महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आखिरी दिन कहा, 'मेरे लिए पेशेवर मुक्केबाजी में जाने का सबसे बड़ा कारण यह था कि मेरी सहनशक्ति और ताकत कम थी। मैं इसे सुधारने के लिए पेशेवर मुक्केबाजी में शामिल हो गया क्योंकि मैं पेशेवर मुक्केबाजी में ज्यादा राउंड खेलने का आदी हो जाऊं और जब मैं एमेच्योर मुक्केबाजी में वापस आऊं, तो मैं तीन दौर तक आराम से खेल सकूं।'

विश्व चैम्पियनशिप(2023) लाइट मिडिल वर्ग (71 किग्रा) के कांस्य पदक विजेता निशांत हाल के वर्षों में भारत के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुक्केबाजों में से एक रहे हैं। उन्होंने 'मैचरूम बॉक्सिंग' के साथ तीन साल का करार किया है, जो लॉस एंजिल्स ओलंपिक से एक साल पहले समाप्त होगा।

### वापसी में खेलूंगा क्वालीफायर

ओलंपिक पदक का सपना संजोए निशांत ने कहा, 'मुक्केबाजी ओलंपिक में बना रहेगा और मेरा अनुबंध ओलंपिक के करीब समाप्त हो रहा है। इसलिए मैं भारत वापस आऊंगा और क्वालीफायर खेलूंगा।' बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी निशांत की राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए दरवाजा खुला रखा है। सिंह ने कहा, 'हम ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों का चयन करेंगे, चाहे वह शौकिया हो या पेशेवर। निशांत निश्चित रूप से इस देश के सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों में से एक है।'

चिंतन

# चालू खाता घाटा बढ़ने का पड़ेगा नकारात्मक असर

बेशक भारत तेज जीडीपी दर वाला देश हो, लेकिन आर्थिक संकेतक चेतावनी दे रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। राजस्व घाटे में भी लगातार वृद्धि हुई है। उद्योग जगत से भी चिंताजनक आंकड़े आए हैं। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। आठ प्रमुख क्षेत्र (क्रूड ऑयल, प्राकृतिक गैस, कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात व बिजली) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये कमजोर होते जा रहे हैं, शेयर बाजार में उठापटक जारी है। सोने पर भारी दबाव है, पिछले दो तिमाही से जीडीपी दर सिकुड़ रही है, ऐसे में सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर स्थिति जल्द संभालने की आवश्यकता है। चालू खाता घाटा (करेंट अकाउंट डेफिसिट-कैड) बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं, जैसे कि मुद्रा की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी, और ऋण स्तर में वृद्धि आदि। चालू खाता घाटा लगातार बना रहने पर सरकार को इसका वित्तपोषण करना पड़ता है और ऋण लेना पड़ता है। साथ ही कैड बढ़ने देश में आर्थिक संकट का संकेत मिलता है, जिसका अर्थ है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां देश की रेटिंग घटा सकती हैं। कैड में व्यापार खाता (वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात और निर्यात), सेवा खाता (सेवाओं का आयात और निर्यात) और विदेश से शुद्ध आय (जैसे कि प्रेषण) शामिल हैं। चालू खाता घाटा की स्थिति तब होती है जब किसी देश के वस्तु और सेवाओं के आयात का मूल्य उसके निर्यात से अधिक होता है। कैड बढ़ने का असर विकास पर पड़ता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय निवेश और बचत से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह विनिमय दरों को प्रभावित करता है और इस प्रकार किसी अर्थव्यवस्था की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को भी प्रभावित करता है। विदेशी मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। रुपये में गिरावट जारी है। कैड और राजकोषीय घाटा संयुक्त रूप से दोहरा घाटा है जो शेयर बाज़ार और निवेशकों को प्रभावित कर सकते हैं। कैड का बढ़ना देश में निवेश सेंटिमेंट को बढ़ाता है। हाल के महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसे निकाले हैं। पिछले कुछ महीनों से भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ा है, जिसका मतलब है हम निर्यात से अधिक आयात कर रहे हैं, यह स्थिति तब है जब सरकार मेक इन इंडिया व वोकल फोर लोकल अभियान चला रही है। व्यापार घाटा बढ़ने का ही नतीजा है कि केड बढ़ रहा है। आयात पर अंकुश लगाकर व निर्यात को बढ़ावा देकर सरकार चालू खाता घाटा को कम कर सकती है। भारत को ग्लोबल मार्केट में अपने लिए नए अवसर बनाने चाहिए।



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# देश में सहकारिता से आएगा बदलाव

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है। भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है।

भारत में सहकारिता का यह स्वर्णिम काल है। इस समय देश के गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं सहकारिता आन्दोलन की बयार को तेज कर दिया है। देश में आज़ादी के बाद सहकारिता को लेकर किया जा रहा कार्य स्वर्णाक्षरों में अंकित हो रहा है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भी पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है।

इस मंत्रालय की बागडोर सहकारिता में अभिरुचि रखने वाले नेता अमित शाह ने जब सम्हाली तो उन्होंने कम समय में बहुत कुछ कर दिखाया जिससे आज भारत का आम आदमी लाभान्वित हो रहा है। वस्तुतः भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है। सहकारिता मंत्रालय बन जाने से इस क्षेत्र में फोकस होकर कार्य करने और उपलब्धियों को हासिल करने में बल मिला है। इससे जन सरोकार को बल मिला है और अच्छी बात यह है कि भारत के लोग अपने उद्यम, अपने श्रम और अपनी गरिमा को संयोजित व सुरक्षित करने लगे हैं। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा भी कि सहकारिता एक ऐसा विषय है जो देश में हर परिवार को छूता है। हर गाँव में कोई न कोई ऐसी इकाई है जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान करती है। आजादी के 75 वर्षों बाद आज देश को पहला सहकारिता विश्वविद्यालय मिल रहा है। इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी और नवाचार तथा अनुसंधान में कई नए मानांक स्थापित करने के अवसर भी मिलेंगे। सबसे अहम् बात जो अमित शाह ने कही, वह यह कि इस प्रकार पूरे देश को सहकारिता की भावना से युक्त और आधुनिक शिक्षा से लैस एक नया सहकारिता नेतृत्व मिलेगा।

भारतीय समाज में सहकारिता की यह अलख जगाने की इच्छाशक्ति निःसंदेह प्रशंसनीय है और अनुकरणीय भी है। भारतीय जनमानस को स्वावलंबन देने व अपने संकल्प से देश को विकास पथ पर आगे ले जाने की दिशा में यह अमित शाह का कार्य है। उनकी इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने के पीछे मंशा बहुत पवित्र है, सबसे महत्वपूर्ण यह है। वह इस कोऑपरेटिव क्षेत्र के विकास और विस्तारित करने की कोशिश में हैं। वह चाहते हैं कि प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत हमें पड़ेगी, उसकी भरपाई त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से वह पूरा कर सकें। अमित शाह ने उम्मीद ही नहीं विश्वास व्यक्त किया है कि सहकारी यूनिवर्सिटी बनने के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री धारकों को नौकरी



मिलेगी। इस यूनिवर्सिटी से हम डोमेस्टिक के साथ ग्लोबल वैल्यू चैन में भी बड़ा योगदान करेंगे। न्यू एज कोऑपरेटिव कल्चर भी इस यूनिवर्सिटी से शुरू होगा। उनकी चिंता है कि देशभर में हजारों की संख्या में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान फैले हुए हैं, मगर इनके कोर्स में कोई मानकीकरण नहीं है। वह चाहते हैं कि इसे हम व्यवस्थित कर सकें। उन्होंने इसीलिए लोक सभा में विधेयक पेश करते हुए अपने ज़वाब में कहा कि हमने यूनिवर्सिटी बनने से पहले ही कोऑपरेटिव क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखकर कोर्स डिजाइन का काम शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स भी होंगे और पीएचडी की डिग्री भी दी जाएगी। साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में काम कर सभी मौजूदा कर्मचारियों के लिए अल्पावधि का सर्टिफिकेट कोर्स भी होगा।

सहकारिता क्षेत्र को समर्पित देश का पहला विश्वविद्यालय आजादी के 75 साल बाद बनेगा और सोचिए कि जब उससे हमारे देश की युवा आबादी प्रशिक्षित होगी तो सहकारिता को बढ़ावा देने वाले लोग, सहकारिता की सोच को आगे बढ़ाने वाले बौद्धिक वर्ग को हम तैयार करेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि प्रतिवर्ष लाखों युवा लोग डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट लेकर सहकारी आंदोलन में सम्मिलित हों। शाह ने कहा भी कि वे 18 वर्ष की आयु से कोऑपरेटिव से जुड़े रहे हैं और इसकी खूबियों और कमियों का अनुभव किया है। मोदी जी एक समृद्ध भारत की नींव डाल रहे हैं और यह विधेयक इसमें मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करेगा। त्रिभुवन दास पटेल की सोच थी कि सहकारी क्षेत्र में मुनाफा हर गरीब महिला तक पहुंचे, इसलिए यह यूनिवर्सिटी उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव किया गया है। इस विश्वविद्यालय के बनने से निश्चय ही अमित शाह के अपने सहकारिता सोच व स्वप्न को साकार होते हुए भारत के लोग देखेंगे और उससे लाभान्वित होंगे। दुनिया में बहु-क्षेत्रीय स्वनिर्भर सहकारिता संगठन आगे आकर कार्य कर रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली शिक्षण व कौशल निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन विश्व भर में किया जा रहा है। जैसा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी सिद्धांतों और सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा, कोऑपरेटिव क्षेत्र को नई प्रोद्योगिकी का फायदा होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। साथ ही अनुसंधान और नवाचार भी बढ़ेंगे और जमीनी स्तर पर कोऑपरेटिव क्षेत्र मजबूत भी होगा। त्रिभुवन दास जैसे महान व्यक्ति के नाम से जुड़े होने के कारण यह सहकारी यूनिवर्सिटी उच्च कोटि की यूनिवर्सिटी सिद्ध होगी। यह देश में बहुत अच्छे सहकारिता कर्मी देने का काम करेगी। यह उनका स्वाभाविक इच्छाशक्ति और अपनी आत्मशक्ति का प्रतिफल है। निःसंदेह अब त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से सहकारी क्षेत्र को संगठनों की कार्यक्षमता में सुधार, प्रशिक्षित मानव संसाधनों से पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल नवाचार के तहत सहकारी प्लेटफार्मों पर अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सहकारी संस्थानों का निर्माण और नई फंडिंग योजनाओं के विकास के लिए वित्तीय रणनीतियों का सृजन होगा तो इससे देश ही विकास करेगा। अमित शाह ने अपने कम समय में जो प्रतिष्ठित अवदान विश्वविद्यालय के रूप में दिया है, उसका अभिनन्दन किया जाना चाहिए। यह सहकारिता के लिए नए नैरेटिव की स्थापना है। यह उनका भारत निर्माण की दिशा में किया जा रहा सद्प्रयास है। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भले ही अभी शुरू हो रहा हो, लेकिन आने वाले 2047 तक यह विश्वविद्यालय लाखों युवा सहकारी पैरोकारों को तैयार कर चुका होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वर्ल्ड बाइपोलर डे

खुशी जिंदल



# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना जरूरी

हम अक्सर शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करने से कतराते हैं। अगर कोई व्यक्ति डिप्रेशन या किसी अन्य मानसिक बीमारी से जूझ रहा हो, तो समाज उसे समझने की बजाय 'पागल' या 'अजीब' कहकर उसका आत्मविश्वास और भी गिरा देता है। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जबकि ये उतनी ही वास्तविक और गंभीर होती हैं जितनी कोई शारीरिक बीमारी। आज के समय में, जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, मानसिक बीमारियों का बढ़ना स्वाभाविक है।

आज के दिन यानि 30 मार्च को "वर्ल्ड बाइपोलर डे" मनाया जाता है ताकि बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और इस विषय पर खुलकर बात की जा सके। बाइपोलर डिसऑर्डर एक गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति के मूड में तीव्र और अनियमित बदलाव होते हैं। यह बदलाव हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं और व्यक्ति की रोज़मर्रा की ज़िंदगी, रिश्तों और कामकाज पर गहरा असर डाल सकते हैं। इस बीमारी में व्यक्ति के भावनात्मक अनुभव दो विपरीत दिशाओं में जा सकते हैं। एक समय पर वह अत्यधिक उत्साहित, ऊर्जावान




और आत्मविश्वासी महसूस कर सकता है। इस दौरान व्यक्ति को कम सोने पर भी थकान महसूस नहीं होती और उसका दिमाग तेज़ी से विचारों से भरा रहता है। वह एक बात पूरी किए बिना दूसरी पर चला जाता है और अत्यधिक बातें करने लगता है। इस अवस्था में कई बार व्यक्ति बिना सोचे-समझे बड़े फैसले ले लेता है, जैसे बेवजह पैसे खर्च करना, तेज़ गाड़ी चलाना या जोखिम भरे काम करना। दूसरी अवस्था में व्यक्ति अत्यधिक उदास, अकेला और निराश महसूस करता है। उसे ऐसा लग सकता है कि उसकी ज़िंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं है। पहले जिन चीज़ों में रुचि थी, उनमें अब कोई आनंद महसूस नहीं होता। व्यक्ति या तो बहुत ज़्यादा सोता है या बिल्कुल नहीं सो पाता। हर समय थकान और ऊर्जा की कमी बनी रहती है। नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं, यहां तक कि व्यक्ति आत्महत्या के बारे में भी सोच सकता है। अगर कोई व्यक्ति इनमें से कुछ लक्षण महसूस करता है या उसके आसपास कोई इनका अनुभव कर रहा है, तो उसे नजरअंदाज या तिरस्कार करने के बजाय एक अच्छे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जैसे कि साइकोलॉजिस्ट या साइकियाट्रिस्ट से संपर्क करना चाहिए। बाइपोलर डिसऑर्डर का सही इलाज संभव है और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।

सबसे ज़रूरी यह है कि इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को समाज से समर्थन और समझ मिले, न कि तिरस्कार। इसे नियंत्रित रखने के लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, नशे और शराब से बचें, क्योंकि ये लक्षणों को और बिगाड़ सकते हैं। समय पर डॉक्टर से सलाह लें। अपने परिवार और दोस्तों को अपनी स्थिति के बारे में बताएं ताकि वे सही समय पर सहायता कर सकें। नियमित दिनचर्या बनाए रखें, तनाव कम करें और पर्याप्त नींद लें। सबसे जरूरी बात, डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं को नियमित रूप से लें और बिना सलाह के बंद न करें। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद, संतुलित आहार और अपनों से बातचीत करना जरूरी है। ये आदतें न केवल तनाव को कम करती हैं, बल्कि गंभीर मानसिक बीमारियों, जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, से भी बचाने में मदद करती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को समझते और नियंत्रित करते हैं, तो अचानक आने वाले मूड स्विंग्स, अत्यधिक उदासी या अतिउत्साह जैसी स्थितियों से बच सकते हैं। मानसिक बीमारियों को जितना जल्दी पहचाना जाए, उतना ही जल्दी सही इलाज संभव होता है। इस वर्ल्ड बाइपोलर डे पर हमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ानी चाहिए, क्योंकि यह भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

(लेखिका क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अहिंसा के प्रयोग



संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए।

वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं।

# मूर्ख साधू और ठग




संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले पर रोक लगा दी है। इससे रेप के मामले चर्चा में आ गए हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब न्यायपालिका के किसी फैसले ने विवाद खड़ा किया हो। इससे पहले भी कई ऐसे निर्णय सामने आए हैं, जिन्होंने यौन हिंसा से जुड़े मामलों में न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए हैं। कई बार पीड़ितों को न्याय मिलने में सालों लग जाते हैं और कई मामलों में फैसले इतने कमजोर होते हैं कि अपराधियों को इसका लाभ मिल जाता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायपालिका को यौन अपराधों के मामलों में अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। सिर्फ कानून की किताबों में लिखी धाराओं का पालन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि इनका समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- प्रभात साहू, धमतरी

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को होगा चुनाव


ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा जिसमें बढ़ती महंगाई और आवास की कमी मुख्य चुनावी मुद्दे हो सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की वामपंथी 'लेबर पार्टी' लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अल्बानीज चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शुक्रवार को गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन के आधिकारिक आवास पर गए और उन्होंने बाद में संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव की तारीख की घोषणा की। अल्बानीज ने कहा, ''हमारी सरकार ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुना है : भविष्य के लिए निर्माण करते हुए जीवनयापन की लागत के दबाव से जूझ रहे लोगों की मदद करने के तरीका।'' कई विश्लेषकों ने विपक्षी नेता पीटर डटन की 'लिबरल पार्टी' के नेतृत्व वाले रूढ़िवादी गठबंधन के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। अल्बानीस के सत्ता में आने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में जीवनयापन की लागत में वृद्धि हुई है। पिछले चुनाव के बाद से ब्याज दरों में 12 बार बढ़ोतरी की गई है।



## ऑफ बीट

# स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध

कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।' यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है क्योंकि ये भ्रूण 'प्रसवोत्तर चरण के मनुष्यों के बराबर विकसित नहीं हो सकते हैं।' दूसरे शब्दों में, ये भ्रूण अव्यवहार्य हैं और इनसे आगे जाकर किसी का जन्म नहीं हो सकता। इसके अलावा, कुछ का मानना है कि सिंथेटिक मानव भ्रूण का निर्माण 14–दिन की सीमा से परे अनुसंधान की अनुमति देगा जो आमतौर पर प्राकृतिक मानव भ्रूण पर लागू होता है। लेकिन क्या ऐसा होगा? यू.के. कानून मानव भ्रूण के अनुसंधान उपयोग को विकास के 14 दिनों तक सीमित करता है।



## ट्रेंड

### एकजुट होकर काम करेंगे

कर्नाटक के जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात की। वे पार्टी की विचारधारा की रक्षा और प्रचार में सबसे आगे हैं। हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोगों के कल्याण और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### शासन-प्रशासन निष्क्रिय

प्रतापगढ़ में दलित समाज की युवती की मौत पर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीनता से भीड़ के आक्रोशित होने के लिए भाजपा सरकार स्वयं जिम्मेदार है। शासन-प्रशासन 'पीडीए समाज' में किसी की मौत होने पर भी चुप्पी साधकर बैठ जाता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### सीमाओं को आगे बढ़ाएं

सफलता का मतलब नियमों का पालन करना नहीं है। इसका मतलब है उन्हें फिर से लिखना। अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाएँ, तेज़ी से आगे बढ़ें और हमेशा चादर से ज़्यादा पैर फैलाएं !

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



### समय मन की रचना

जितना अधिक आप क्वांटम विज्ञान और रहस्यवाद का अध्ययन करते हैं, उतना ही आपको एहसास होता है कि कुछ भी शुरू नहीं हुआ और कुछ भी समाप्त नहीं हुआ। समय मानव मन की रचना है। इसलिए सबसे अच्छी कहानियाँ अंत का सुझाव देती हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

राज्यसभा में सांगा को लेकर सपा सांसद के बयान पर बवाल

# जब तक सुमन व खरगे माफी नहीं मांगते तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा

## बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में हंगामा, दोनों पक्षों में तकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी पर विरोध किया। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे पर भी निशाना साधा। भाजपा का आरोप है कि खरगे मामले को जाति से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपाा ने मांग की है,जब तक रामजी सुमन और विपक्ष के नेता खरगे मामले में माफी नहीं मांगते, तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इससे पहले सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कह दिया था। इस पर शुरू हुआ बवाल अब भी थमता नहीं दिखाई दे रहा है। उनकी बाबर और राणा सांगा को लेकर कुछ ऐसा कह दिया था कि वे भाजपा के तमाम नेताओं के निशाने पर आ गए थे। भाजपा ने रामजी लाल सुमन से मांगी की मांग की है। सपा सांसद के इस बयान पर दिल्ली से उत्तर प्रदेश तक सियासी हलकों में हंगामा हो गया। भाजपा नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बयान की निंदा की।

नेता प्रतिपक्ष ने जाति से जोड़ने की कोशिश की तो लगी 'आग'



**सोच-समझकर दिया गया बयान**



### अग्रवाल बोले- स्पष्टीकरण तो देते

इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि राधा मोहन दास अग्रवाल को गुस्सा आ गया। भाजपा सांसद ने सांगा को लेकर कहा- 'उन्होंने कह दिया होता कि गलती से बोल दिया। स्पष्टीकरण दिया होता कि मैं ऐसा नहीं कहना चाहता था। अपनी बयान पर माफी मांग ली होती तो विवाद उसी समय खत्म हो गया होता। अग्रवाल ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि सांसद (रामजी लाल) का बयान आया- मैं मरते मर जाऊंगा बात वापस नहीं लूंगा। ये बताता है कि जो इन्होंने कहा था वो सोच समझकर और नियोजित तरीके से कहा था।

### धनखड़ ने कहा- बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए

सभापति जगदीप धनखड़ ने राजपूत राजा को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने उनकी बहादुरी का जिक्र किया और उनके खिलाफ टिप्पणी को अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि सदस्यों को संवेदनशील मुद्दों पर बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

### भाजपा बोली खरगे का मुद्दे को जाति से जोड़ना निंदनीय

अग्रवाल ने कहा कि सुमन ने दोहराया है कि वे अपने शब्दों को वापस नहीं लेंगे और जीवन भर उन पर कायम रहेंगे। यह अपमान है । किरेन रिजिजू ने भी मामले में बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुमन का बयान अपमानजनक और अत्यधिक निंदनीय है। रिजिजू ने कहा कि वे खरगे की टिप्पणी की निंदा करते हैं कि सुमन के घर पर इसलिए हमला किया गया, क्योंकि वह दलित थे। उन्होंने कहा कि यह जाति या धार्मिक मुद्दा नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि खरगे मामले को जाति की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन ने उठाया मुद्दा



भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने सुमन के राजपूत राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान का मुद्दा उठाया। इससे बाद ही राज्यसभा में हंगामा शुरू हुआ। अग्रवाल ने कहा कि जब तक कांग्रेस और सुमन माफी नहीं मांग लेते, हम इस मुद्दे पर समझौता नहीं करेंगे।

### खरगे के बयान पर भड़की भाजपा

इस बीच खरगे ने कहा कि वह और उनकी पार्टी उन सभी देशभक्तों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी जान कुर्बान की, लेकिन किसी को भी कानून और व्यवस्था को अपने हाथ में लेने और एक सांसद के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सुमन के घर और संपत्ति पर उनके विवादास्पद बयान के बाद हुए हमलों का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की दलित विरोधी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरगे की टिप्पणी से सत्तारूढ़ पार्टी भड़क गई।

### भाजपा सांसदों ने की नारेबाजी

खरगे ने कहा कि सांगा हो या महाराणा प्रताप सभी सम्मानीय थे। उन्होंने कहा कि उनकी आपत्ति हिंसा के इस्तेमाल पर है, क्योंकि संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। इस पर सुमन बोलने के लिए उठे, लेकिन भाजपा सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। धनखड़ ने कहा कि सुमन ने जो कहा है वही रिकॉर्ड में दर्ज होगा।

बंदरगाह विधेयक लोकसभा में पेश

### एकीकृत विकास और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा



भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 लोकसभा में पेश कर दिया गया है। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसे पेश किया। इसका उद्देश्य बंदरगाहों से संबंधित कानूनों को मजबूत और बंदरगाह विकास को बढ़ाना देना है।

# भारत आज 'वर्ल्ड आर्डर' में सिर्फ भागीदारी ही नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य को आकार दे रहा है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया

- दूसरे विश्व युद्ध के बाद जब भी कोई वैश्विक संगठन बना तो उसमें कुछ देशों की ही एकाधिकार रहा
- आज विश्व की दृष्टि भारत पर, हमें लेकर एक नई जिज्ञासा से भरे हुए अन्य देश



नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत आज वैश्विक व्यवस्था में सिर्फ भागीदारी ही नहीं कर रहा है बल्कि भविष्य को आकार दे रहा है और उसे सुरक्षित करने में भी योगदान दे रहा है। एक मीडिया समूह के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अतीत में दुनिया ने देखा है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जब भी कोई वैश्विक संगठन बना तो उसमें कुछ देशों की ही एकाधिकार रहा। उन्होंने कहा, ''लेकिन भारत ने एकाधिकार नहीं, बल्कि मानवता को सर्वोपरि रखा।'

प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए दुनिया के देशों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए ऊर्जा संसाधनों से जुड़े मुद्दे को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''इससे निपटने के लिए, हमने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की स्थापना की, यह सुनिश्चित करते हुए कि छोटे राष्ट्र भी सतत ऊर्जा से लाभान्वित हो सकें।''

### वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति पहले से अधिक मजबूत

उन्होंने कहा कि इस पहल का जलवायु परिवर्तन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इससे 'ग्लोबल साउथ' के देशों की जरूरतों की रक्षा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 100 से अधिक देश पहले ही इस प्रयास से जुड़ चुके हैं।'' 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थायी सदस्य बनाया गया और आज भारत वैश्विक निर्णय लेने वाले संस्थानों में 'ग्लोबल साउथ' राष्ट्रों के लिए एक शक्तिशाली आवाज के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयास नई विश्व व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर करते हैं। ये तो बस शुरुआत है और वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति पहले से अधिक मजबूत होती जा रही है।'' मोदी ने कहा कि आज विश्व की दृष्टि भारत पर है और दुनिया में आप किसी भी देश में जाएं, वहां के लोग भारत को लेकर एक नई जिज्ञासा से भरे हुए हैं।


## O/o District Food & Supplies Controller, Rohtak

### Inviting of Short Term E-Tender for Labour & Cartage for the Year of 2025-26

Short Term E-Tenders are invited as per Director Food, Civil Supplies and Consumer Affairs, Department Haryana, Chandigarh direction vide Letter No. MP-1/3/2025/2663 & 2668 dated: 13.02.2025 for Labour & Cartage Work for Lakhan Majra Mandi all the Procurement Agencies in District Rohtak in single stage two cover system i.e. Fee/Pre-Qualification/Technical Bid and Financial Bid-BOQ on website https://etenders.hry.nic.in for various Mandies/Godown in Rohtak District under the chairmanship of Deputy Commissioner, Rohtak as per schedule given below:-

| SR. NO | NAME OF DEPARTMENT | NAME OF WORK/ NOTICE/ TENDER | Opening Date & Time | Closing Date & Time | Opening of Technical Bid Date & Time and Venue | Opening Financial Bid & Negotation and Finalizatione | Place of Opening Financial Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Department, Haryana | Labour & Cartage work | 29.03.25 9:00 AM | 01.04.25 04:00 PM | 01.04.25 04:15 PM DFSC Office Rohtak | As per decision taken by Tender committee. | ADC Office Rohtak |

1. Tenderers should submit both the tender bids i.e Technical Bid & Financial Bid only in electronic form (refer tender documents). There is no need to submit any bid offline. Financial bids will be opened only when technical bid is qualified.
2. Tender Form and detailed terms and conditions can also be downloaded from the Website i.e. http://etenders.hry.nic.in.
3. In case of any enquiry/problem, the District Food and Supplies Controller, Rohtak may be contacted.
4. Tenders must be accompanied by an earnest money.
5. The procurement figures of wheat, paddy pulses, mustard and coarse grain purchased during Rabi & Kharif Marketing Season for the year 2024-25 (if required) can be obtained from the concerned agency on any working day.
6. The Distt. Tender Committee reserves the right to accept/reject any/all tenders without assigning any reason. After the final acceptance of the tender by the tender committee, no request for further increase of rate for any operation shall be entertained.

Sd/- District Food & Supplies Controller Rohtak


# भाषण के बीच लगे 'गो बैक' के नारे तो भड़की टीएमसी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में 27 मार्च को पहुंची थी। छात्रों ने ममता के भाषण के बीच में गो बैक के नारे लगाए। बंगाली हिंदू समुदाय के सदस्यों सहित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया इन यूके के छात्रों ने ममता बनर्जी को बंगाल से जुड़े कई मुद्दों पर घेरते हुए खुलेआम चुनौती दी। इस व्यवहार की टीएमसी के नेता सौगत राय ने आलोचना की है और इसे प्रचार का तरीका बताया। उन्होंने कहा इस तरह के विरोध प्रदर्शन केवल ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से किए गए थे। सौगत रॉय ने तर्क दिया कि यह आयोजन स्थल ममता के अधिकार क्षेत्र में नहीं था और इसलिए, ऐसी घटनाओं को संभालने की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी अधिकारियों और इंग्लैंड की पुलिस की थी।


## महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बाल संरक्षण कार्यालय, पार्क वाली गली, घिकरा रोड, निकट बस स्टैंड, चरखी दादरी
फोन नं. 01250-297270

### विज्ञापन

पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निदेशों के कार्यान्वयन के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को जारी निदेशों के अनुसार समर्थित व्यक्ति के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | जिला | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चरखी दादरी | पोक्सो मामलों के लिए समर्थित व्यक्ति | 04 (03 महिलाओं के लिए आरक्षित और 01 पुरुषों के लिए आरक्षित) |

योग्यताएं- सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक। पॉक्सो नियम 2020 के नियम 5(6) के अनुसार इसमें बाल अधिकार या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे संगठन भी शामिल हो सकते हैं। गैर सरकारी संगठनों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। बाल गृह और आश्रय गृह से जुड़ा एक अधिकारी जो बच्चे की कस्टडी के लिए जिम्मेदार हो। अगर वह अपने कर्तव्यों के अलावा काम करेगा तो उसे समान वेतन दिया जाएगा।

आयु- 25 से 42 वर्ष

न्यूनतम वेतन- न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल श्रमिक के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।

यात्रा भत्ताः- उसे वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया या रुपए के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए 9/- प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.

प्रति माह यात्राओं की संख्या :- वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।

नियम और शर्तें- समर्थित व्यक्तियों को शुरू में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा डीसीपीओ द्वारा की जाएगी और चयन समिति की सिफारिश के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन साल से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता है या गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के कभी भी हटाया जा सकता है।

महत्वपूर्ण टिप्पणी :
1. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ हलफनामा प्रस्तुत करना होगा :
   - उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
   - वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
   - किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है
   - आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
   - उसको हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए
   - वह जिला चरखी दादरी का निवासी होना चाहिए
2. आवेदक अपने आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से या दस्ती रूप से निर्धारित प्रारूप पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय, पार्क वाली गली, घिकरा रोड, निकट बस स्टैंड, चरखी दादरी में 15-04-2025 को शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले सहायक दस्तावेजों यानी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ जमा कर सकते हैं।
3. विभाग उम्मीदवार को बिना किसी पूर्व सूचना के अधूरे आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे

............................................ के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

i. पद का नाम :-
ii. उम्मीदवार का नाम :
iii. पिता / पति का नाम :
iv. स्थायी पता :
v. पत्राचार का पता :
vi. मोबाइल नम्बर :
vii. ई-मेल आईडी :
viii. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र के अनुसार) :
ix. आज की तिथि में वर्तमान आयु (YY-MM-DD) :
x. शैक्षणिक योग्यताएं :

पासपोर्ट साइज फोटो

| क्र. सं. | विषय सहित शिक्षा (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्त अंक | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

ix. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से तक) | कुल अवधि (वर्ष, महीने और दिन) | | | जॉब का उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | महीने | दिन | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |


घोषणा :- ''मै एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे दिये गये उपरोक्त सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य व पूर्ण है और यदि किसी भी समय गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा और नियुक्ति अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरी सेवाओं को बर्खास्त और कोई अन्य उचित कार्यवाही कर सकता है।''

स्थान :
दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर
टिप्पणी :
* आवेदकों के लिए सभी मूल दस्तावेज और मूल दस्तावेजों की छायाप्रतियों का एक सैट साथ लाना आवश्यक होगा जो वह जमा करवाना चाहता है।
* सभी कॉलम भरने आवश्यक है।

पीआरडीएच-1225/11/98/2025/33422/88/6 दि. 28.03.25


मद्रास हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

# विवादित टिप्पणी को लेकर कुणाल कामरा को मिली अंतरिम जमानत



■ अदालत ने शर्तों के साथ आदेश जारी किया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को महाराष्ट्र के राजनेता के बारे में कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के संबंध में अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने शर्तों के साथ 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत का आदेश दिया। कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया कि उनके हालिया व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद उन्हें कई धमकियां मिल रही हैं। इससे पहले गुरुवार को कामरा ने मुख्यधारा के मीडिया की आलोचना की और उस पर सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र के रूप में काम करने का आरोप लगाया।

### भारत में बिना वीजा किसी को रहने का हक नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने आव्रजन और विदेशी नीति पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा कि भारत में बिना वीजा के रहने का किसी को अधिकार नहीं है। रामदास ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत में बिना वीजा के किसी को भी रहने का अधिकार नहीं है। बांग्लादेश के लोग भारत आते हैं और बिना वीजा के यहां रहते हैं।

### शर्मा को फिर मिली जान से मारने की धमकी



**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा को फिर से जान से मारने की धमकी दी गई। यह धमकी बीकानेर सेंट्रल जेल में बंद आदिल नाम के एक कैदी ने दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीएम को चौथी बार जान से मारने की धमकी दी गई है। एसपी कविंद्र सिंह सागर ने बताया कि आरोपी ने बीकानेर सेंट्रल जेल से फोन किया।

# 'खून के प्यासे' कविता में गलत क्या, इसमें हिंसा का संदेश नहीं

## कांग्रेस सांसद प्रतापगढ़ी पर दर्ज एफआईआर रद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ कोर्ट ने पुलिस और निचली अदालतों की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए, एक्स पर कविता पोस्ट की थी

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की तरफ से दर्ज एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रद कर दी। यह एफआईआर उनके इंस्टाग्राम पोस्ट 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' कविता को लेकर दर्ज की गई थी। कोर्ट ने फैसले में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देते हुए पुलिस और निचली अदालतों की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा, कोई अपराध नहीं हुआ है। जब आरोप लिखित रूप में हों, तो पुलिस अधिकारी को इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए। बोले गए शब्दों का सही अर्थ समझना जरूरी है। कविता में हिंसा का कोई संदेश नहीं है, बल्कि यह अहिंसा को बढ़ावा देती है। जस्टिस ओका ने पुलिस की कार्यशैली पर कहा, "संविधान के 75 साल बाद भी पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार तब भी संरक्षित किया जाना चाहिए, जब बड़ी संख्या में लोग इसे नापसंद करें।

### 46 सेकेंड के वीडियो पर एफआईआर हुई थी

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को अपने एक्स हैंडल पर कविता की 46 सेकेंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की थी। बैकग्राउंड में 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' गीत बज रहा था। इमरान प्रतापगढ़ी ने जामनगर में आयोजित सामूहिक लगन समारोह में शिरकत करने के बाद यह सोशल मीडिया पोस्ट की थी।


## महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बाल संरक्षण इकाई, झज्जर
बाल भवन, गुरूग्राम रोड, लघु सचिवालय, झज्जर
फोन नं. 01251-299475

### विज्ञापन

पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निदेशों के कार्यान्वयन के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को जारी निदेशों के अनुसार समर्थित व्यक्ति के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | जिला | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | झज्जर | पोक्सो मामलों के लिए समर्थित व्यक्ति | 04 (03 महिलाओं के लिए आरक्षित और 01 पुरुषों के लिए आरक्षित) |

योग्यताएं- सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक। पॉक्सो नियम 2020 के नियम 5(6) के अनुसार इसमें बाल अधिकार या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे संगठन भी शामिल हो सकते हैं। गैर सरकारी संगठनों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। बाल गृह और आश्रय गृह से जुड़ा एक अधिकारी जो बच्चे की कस्टडी के लिए जिम्मेदार हो। अगर वह अपने कर्तव्यों के अलावा काम करेगा तो उसे समान वेतन दिया जाएगा।

आयु- 25 से 42 वर्ष

न्यूनतम वेतन- न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल श्रमिक के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।

यात्रा भत्ताः- उसे वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया या रुपए के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए 9/- प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.

प्रति माह यात्राओं की संख्या :- वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।

नियम और शर्तें- समर्थित व्यक्तियों को शुरू में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा डीसीपीओ द्वारा की जाएगी और चयन समिति की सिफारिश के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन साल से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता है या गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के कभी भी हटाया जा सकता है।

महत्वपूर्ण टिप्पणी :
1. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ हलफनामा प्रस्तुत करना होगा :
   - उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
   - वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
   - किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है
   - आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
   - उसको हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए
   - वह जिला झज्जर का निवासी होना चाहिए
2. आवेदक अपने आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से या दस्ती रूप से निर्धारित प्रारूप पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय यानी बाल भवन गुरूग्राम रोड, लघु सचिवालय, झज्जर-124103 में 21-04-2025 को शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले सहायक दस्तावेजों यानी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ जमा कर सकते हैं।
3. विभाग उम्मीदवार को बिना किसी पूर्व सूचना के अधूरे आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे

............................................ के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

i. पद का नाम :-
ii. उम्मीदवार का नाम :
iii. पिता / पति का नाम :
iv. स्थायी पता :
v. पत्राचार का पता :
vi. मोबाइल नम्बर :
vii. ई-मेल आईडी :
viii. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र के अनुसार) :
ix. आज की तिथि में वर्तमान आयु (DD-MM-YYYY) :
x. शैक्षणिक योग्यताएं :

पासपोर्ट साइज फोटो

| क्र. सं. | विषय सहित शिक्षा (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्त अंक / कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

ix. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से तक) | कुल अवधि | जॉब का उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

घोषणा :- ''मै एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे दिये गये उपरोक्त सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य व पूर्ण है और यदि किसी भी समय गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा और नियुक्ति अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरी सेवाओं को बर्खास्त और कोई अन्य उचित कार्यवाही कर सकता है।''

स्थान :
दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1225/11/97/2025/33407/88/6 दि. 28.03.25

## म्यांमार और थाईलैंड में थर्राई धरती

# पलक झपते ही जमींदोज हुई कई इमारतें, सदमे में लोग, घरों के बाहर सड़कों पर बैठे, आंखों के सामने तबाही का मंजर, बच्चे भूखे

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए। झटके थाईलैंड तक महसूस किए गए। पहला भूकंप सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.7 मापी गई। इसके बाद दूसरा झटका दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.4 मापी गई।

फिर तीसरा झटका एक बजकर सात मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.9 मापी गई। लोग खुद को संभाल पाते कि दोपहर दो बजकर 48 मिनट पर चौथा भूकंप आया इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है। भूकंप इतना तेज था कि करीब 900 किलोमीटर दूर बैंकॉक में भी इसके झटके महसूस किए गए। भूकंप के चलते 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। म्यांमार के मांडले में जहां 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं ताउंगू में 5 लोग मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। भूकंप के बाद के आए झटकों से भी दहशत मची हुई है। कई इलाकों में राहत कार्य जारी है। भूकंप में कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भीषण भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।

**म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल घोषित**

**51 साल पुराना पुल गिरा**



म्यांमार के मंडाले में 51 साल पुराना ऐतिहासिक 'अवा ब्रिज' इरावदी नदी में गिर गया। इसके अलावा, एक मस्जिद का हिस्सा ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई।

**धर्मस्थल धराशाई**



म्यांमार की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा। धार्मिक इमारतों के कुछ हिस्से जमीन पर गिर गए और कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए।

**दहशत में सड़कों पर लोग**



भूकंप के बाद बैंकॉक में दहशत में घरों से निकले सैकड़ों लोग सड़कों पर आ गए।

### कोलकाता, इंफाल मेघालय में हल्के झटके लगे

*बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों से भूकंप के झटके महसूस किए गए। मणिपुर के उखरुल जिले में दोपहर 1:07 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.5 दर्ज की गई। मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्की तीव्रता का भूकंप आया।*

### मेट्रो, रेलवे व हवाई सेवाएं बंद

*थाईलैंड के उपपीएम फुमथाम वेचयाचाई ने जानकारी दी कि यह हादसा म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है। राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बैंकॉक के लोकप्रिय चतुचक मार्केट के पास घटना हुई।*

### संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया बयान

संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के प्रभाव की प्रारंभिक रिपोर्ट से देश के मध्य भाग में काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रवक्ता ने कहा, हम प्रभावित लोगों, बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान और तत्काल मानवीय जरूरतों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। बैंकॉक में रहने वाली एक महिला भूकंप के झटकों से आतंकित दिखी। महिला ने कहा कि हर कोई डरा हुआ है, बच्चे भूखे हैं। घरों के बाहर बैठे हैं। स्थिति बहुत खराब है। पीएम ने आपातकाल की घोषणा की है। इस महिला ने सभी लोगों से बैंकॉक के लिए प्रार्थना करने की अपील भी की।

### बांग्लादेश में भी भूकंप

बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाका और चटगांव सहित बांग्लादेश के कई इलाकों में 7.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बांग्लादेश मौसम विभाग के मुताबिक, दोपहर 12:25 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र बांग्लादेश सीमा के पास म्यांमार के मांडले में था। ढाका से भूकंप के केंद्र की दूरी 597 किलोमीटर बताई गई। चीन के यूनान प्रांत में भी भूकंप के झटके लगे।

**भूखे प्यासे लोग**



सदमें में घरों से निकले सैकड़ों लोग और बच्चे ने सड़क का बनाया आश्रयस्थल।

**राहत कार्य में जुटे लोग**



बैंकॉक में भूकंप के बाद लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

**सड़कें टूटीं**



म्यांमार में आए अचानक से आए भूकंप के तेज झटकों की वजह से राजधानी में कई स्थानों पर सड़कें टूट गईं। लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**निर्माणाधीन इमारत ढही**



थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के बाद एक 30 मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से 3 मजदूरों की मौत हो गई और 81 लोग मलबे में फंस गए।

### बड़े पैमाने पर राहत और बचावा कार्य जारी





राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में एक प्रदर्शनकारी की मौत, एयरपोर्ट बंद



**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही समर्थकों द्वारा किए जा रहे हिंसक प्रदर्शनों के चलते राजधानी काठमांडू में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। विरोध प्रदर्शनों के कारण त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल को सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान पुलिस की गोली से 29 वर्षीय सबीन महर्जन नामक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। पीएम केपी शर्मा ओली ने कैबिनेट की आपातकालीन बैठक बुलाई।

### व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी, रमजान मुबारक

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अमेरिका के व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी हुई।



वार्षिक इफ्तार पार्टी की मेजबानी करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी अमेरिकी मुस्लिमों को रमजान मुबारक कहा। ट्रंप ने कहा कि हम मुस्लिम समुदाय से किए गए वादों को निभा रहे हैं। मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनका समर्थन करने वाले लाखों मुस्लिम-अमेरिकियों का शुक्रिया अदा किया। इफ्तारी से पहले संबोधन में ट्रंप ने कहा कि नवंबर में मुस्लिम समुदाय हमारे साथ था।

## लोकसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दी जानकारी

# पाक में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर कड़ी निगाह, इनके बारे में दुनिया को बता रहे

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार के बारे में चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाया गया है ताकि इस मामले पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके*

### जयशंकर ने एक-एक घटना बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत पाकिस्तान में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर करीब से नजर रख रहा है और इन मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठा रहा है।

उनकी यह टिप्पणी संसद के चल रहे बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान आई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार के बारे में चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाया गया है ताकि इस मामले पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं। उन्होंने अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा के मामलों का भी विस्तृत ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुईं।

- पाक के मानवाधिकार रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की
- पाक आतंकवाद पर किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं



### 40 कब्रों को अपवित्र किया

पाकिस्तान में अहमदिया और ईसाई समुदायों के खिलाफ अन्याय जिक्र करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अहमदिया समुदाय से संबंधित दो मामले थे। एक मामले में, एक मस्जिद को सील किया गया और दूसरे में, 40 कब्रों को अपवित्र किया गया था। एक मामला ऐसा भी था जिसमें एक ईसाई व्यक्ति, जो कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्थिर था, पर ईशनिंदा का आरोप लगाया गया।

### यूएन को दी सारी जानकारी

विदेश मंत्री ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधियों ने पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की। फरवरी के महीने में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जहां 'मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित क्षरण राज्य की नीतियों का हिस्सा है।'

### पाक आतंकियों का पनाह दे रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देता है और किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। इसके बजाय, उसे अपने लोगों को वास्तविक शासन और न्याय प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### सिख परिवार को धमकाया

एक मामले में, एक सिख परिवार पर हमला किया गया। दूसरे मामले में, एक पुराने गुरुद्वारे को फिर से खोलने के कारण एक सिख परिवार को धमकाया गया। समुदाय की एक लड़की के साथ अपहरण और धर्मांतरण का मामला भी सामने आया।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फॉस्फेट, पोटाश उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये सब्सिडी को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को इस साल खरीफ (ग्रीष्मकालीन) सत्र के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश (पीएंडके) आधारित उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने को मंजूरी दी। सरकार की तरफ से दी जाने वाली यह सब्सिडी उचित दर पर मृदा को पोषक तत्व उपलब्ध कराने के प्रयासों का हिस्सा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने फॉस्फेट और पोटाश (पीएंडके) आधारित उर्वरकों पर एक अप्रैल, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरें तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि खरीफ सत्र के लिए 37,216.15 करोड़ रुपये बजट की जरूरत होगी।उन्होंने कहा कि इस कदम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) की खुदरा कीमतें वर्तमान स्तर पर बनी रहें।

### बिहार में पटना-सासाराम गलियारा परियोजना को मंजूरी दी

*केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को बिहार में 3,712.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली चार लेन की पटना-सासाराम गलियारा परियोजना को मंजूरी दे दी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में सासाराम, आरा और पटना के बीच संपर्क मौजूदा राज्य राजमार्गों (एसएच-2, एसएच-12, एसएच-81 और एसएच-102) पर निर्भर है और भारी भीड़भाड़ के कारण इसमें तीन-चार घंटे लगते हैं। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने पटना से बिहार में सासाराम (120.10 किमी) तक चार-लेन वाली पटना-आरा-सासाराम गलियारा के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 3,712.40 करोड़ रुपये की कुल लागत आने का अनुमान है। इसे 'हाइब्रिड एन्युटी मोड' (एचएएम) पर विकसित किया जाएगा।*

### इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा क्षेत्र के लिए 23 हजार करोड़ रुपये की पीएलआई योजना मंजूर

*केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 22,919 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ गैर-सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दे दी। वैष्णव ने कहा कि इस योजना से 91,600 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे जबकि लगभग 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने का अनुमान है।*

## चीन, स्थिर सैन्य संबंध व सीमा मुद्दे का समाधान चाह रहा

### चीनी सेना अच्छे सैन्य रिश्ते के पक्ष में, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे

# पीपुल्स लिबरेशन ऑर्मी प्रमुख भारतीय समकक्ष के साथ काम करने को राजी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

भारत और चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े सवालों पर एक ब्रीफिंग में पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सीनियर कर्नल वू कियान ने कहा कि चीनी सेना सीमा मुद्दे पर निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाधान को लागू करने के लिए भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। चीनी सेना अच्छे सैन्य रिश्ते रखने के सुंदर दृष्टिकोण में अपनी बुद्धि और शक्ति का योगदान देना चाहेगी। कर्नल वू कियान ने



गुरुवार को कहा कि चीन भारत के साथ सैन्य संबंधों को सुधारने के साथ उन्हें मजबूत करने का भी इच्छुक है।

### सकारात्मक दिशा में हुई वार्ता

पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के प्रयासों से भारतीय सेना के साथ उसके संबंधों में सुधार हो रहा है। विगत 25 मार्च को भारत और चीन के कूटनीतिक अधिकारियों ने आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने पर विचार-विमर्श किया। यह बैठक दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मौका थी, जिसमें एलएसी पर तनाव को कम करने और भविष्य में ऐसे वार्तालापों को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह वार्ता एक सकारात्मक दिशा में बढ़ी है, और अगले दौर की वार्ता के लिए तैयारियों को लेकर दोनों पक्षों ने मिलकर कदम उठाने पर सहमति जताई है।

## युद्धक्षेत्र में सफलता से उत्साहित पुतिन बोले

# यूएन प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रहे यूक्रेन, लोकतांत्रिक चुनाव करवाए

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्र में सफलता से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी उत्साहित है। शुक्रवार की सुबह टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में उन्होंने रूसी परमाणु पनडुब्बी के चालक दल को संबोधित किया। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रखा जाए।



### शांति सेना स्वीकार नहीं

रूस ने चेतावनी दी है कि वह नाटो देशों के सैनिकों को शांति सेना के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। पुतिन ने इस दौरान मांग की है कि कीव उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना वापस ले ले, जिन पर मॉस्को ने आंशिक रूप से कब्जा कर लिया है। वह यह भी चाहते हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने से इनकार करे, अपनी सेना में भारी कटौती करे और देश को मॉस्को की कक्षा में रखने के लिए कानूनी रूप से रूसी भाषा और संस्कृति की रक्षा करे।

**जेलेंस्की गैरकानूनी शासक:** पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को गैरकानूनी शासक बताया, क्योंकि उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था और उनके अनुसार, कोई भी समझौता जो वर्तमान यूक्रेनी सरकार के साथ किया जाएगा, उसे उनके उत्तराधिकारी चुनौती दे सकते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25